### 19248 मतदाता 30 मतदान केंद्रों पर करेंगे मतदान, नतीजे पर टिकी हैं सभी की निगाहें

# देवरी में भरी और खाली कुर्सी के लिए चुनाव आज

**जागरण, सागर।** देवरी नगर पालिका अध्यक्ष को पद से वापस बुलाने के लिए 19 जनवरी को मतदान होगा। राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देश अनुसार मतदान की चुनावी तैयारी पूरी कर ली गई। 19 जनवरी को सुबह 7 बजे से लेकर शाम 5 तक भरी कुर्सी और खाली कुसी के लिए 19248 मतदाता ईवीएम मशीन का बटन दबाकर मतदान करेंगे। इसमें 9938 पुरुष और 9310 महिला मतदाता सोमवार को होने वाली मतदान में फैसला करेंगे।

निर्वाचन अधिकारी सुनव्वर खान ने बताया कि राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देश अनुसार नगर पालिका अध्यक्ष के लिए राइट टू काल के तहत होने वाले मतदान की सभी तैयारी पूर्ण कर ली गई हैं। देवरी नगर के 15 वार्ड में 30 मतदान केंद्र बनाए गए हैं। प्रत्येक वार्ड में दो-दो मतदान केंद्र बनाए गए हैं। इसमें तीन अति संवेदनशील और तीन संवेदनशील मतदान केंद्र शामिल हैं। सभी मतदान केंद्रों पर 30 मतदान दलों की तैनाती की गई है। इसमें 120 चुनाव कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। 12 कर्मचारी रिजर्व ड्यूटी में लगाए गए हैं। प्रत्येक मतदान केंद्र पर दो-दो कोटवार, नगर पालिका के कर्मचारी और पुलिस तैनात की गई है। 10-10 मतदान केंद्र के मान से तीन सेक्टर मजिस्ट्रेट और तीन सेक्टर आफिसर नियुक्त किया गए हैं। निष्पक्ष, शांतिपूर्ण और सुरक्षित मतदान के लिए नेहरू कॉलेज में कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है।



### 21 जनवरी को होगी मतगणना

नगर पालिका के निर्वाचन अधिकारी मुनव्वर खान ने बताया कि 21 जनवरी को शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय में सुबह 9 बजे से मतगणना होगी जहां स्ट्रांग रूम बनाया गया है। वहीं सुरक्षा के साथ मतदान सामग्री लेकर मतदान केंद्र पर रवाना हो गए हैं। चुनाव सामग्री वितरण नगर पालिका चुनाव के लिए मतदान दलों के लिए चुनाव सामग्री वितरण का काम नेहरू कॉलेज में रविवार के सुबह 9 बजे से शुरू हुआ और इसके साथ ही पोलिंग पार्टियों मतदान केंद्रों पर पूरी सुरक्षा के साथ भेजा गया।

### पुलिस-प्रशासन अलर्ट मोड पर

निर्वाचन को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं निर्भीक वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से थाना देवरी चुनाव क्षेत्र अंतर्गत प्रशासन एवं पुलिस द्वारा सघन तैयारियां की जा रही हैं। इसी क्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सागर लोकेश कुमार सिन्हा एवं अपर कलेक्टर अविनाश रावत, एसडीएम मुनव्वर खान, तहसीलदार प्रीतिरानी चौरसिया, एसडीओपी शशिकांत सरयाम, थाना प्रभारी देवरी हरिराम मानकर द्वारा चुनाव क्षेत्र देवरी अंतर्गत स्थित समस्त 30 पोलिंग बूथों का संयुक्त निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान प्रत्येक मतदान केंद्र पर सुरक्षा व्यवस्था, पुलिस बल की तैनाती, संवेदनशील बिंदुओं, मतदान प्रक्रिया एवं कानून व्यवस्था का गहनता से जायजा लिया गया।

निरीक्षण के दौरान अधिकारियों द्वारा स्पष्ट निर्देश दिए गए कि मतदान के दिन किसी भी प्रकार की अव्यवस्थाए दबावए भय अथवा अनुचित गतिविधि को किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। प्रत्येक पोलिंग बूथ पर पर्याप्त पुलिस बलए आवश्यक संसाधन एवं त्वरित प्रतिक्रिया व्यवस्था सुनिश्चित की गई है।

### 30 पोलिंग बूथों पर होगी निगरानी

अधिकारियों ने बताया कि सभी 30 पोलिंग बूथों को सुरक्षा की दृष्टि से पूरी तरह सुरक्षित घोषित किया गया है तथा संवेदनशील एवं अतिसंवेदनशील क्षेत्रों पर विशेष निगरानी रखी जा रही है। पुलिस एवं प्रशासन की टीमें हर समय अलर्ट मोड पर रहेंगी ताकि आम मतदाता बिना किसी भय के अपने मताधिकार का प्रयोग कर सके। निरीक्षण के दौरान यह भी निर्देशित किया गया कि मतदान के दौरान आचार संहिता का कड़ाई से पालन, असामाजिक तत्वों पर सतत निगरानी एवं किसी भी सूचना पर तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। प्रशासन एवं पुलिस ने नागरिकों से अपील की है कि वे निडर होकर लोकतंत्र के इस पर्व में सहभागिता निभाएं, किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को दें तथा शांति एवं सौहार्द बनाए रखने में सहयोग करें। बहरहाल, चुनाव को लेकर सभी की दिलचस्पी साफतौर पर दिखाई दे रही है कि यहां नतीजा क्या होगा।

## जांच के लिए आरटीओ में बुलाईं जिले की स्लीपर बसें



### कार्यवाही जारी, 8 वाहनों से 55 हजार जुर्माना वसूला

**जागरण, सागर।** परिवहन आयुक्त मध्यप्रदेश ग्वालियर द्वारा स्लीपर यात्री बसों/स्कूल बसों एवं अवैध संचालित वाहनों की चैकिंग संबंधी कार्यवाही किये जाने के दिये गये निर्देश के अनक्रम में क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी सागर द्वारा मुख्य बस स्टेण्ड नरसिंहपुर रोडए भोपाल रोड पर 32 स्लीपर यात्री बस एवं अन्य वाहनों की जांच की गई। जांच के दौरान 8 यात्री बसों में अग्निशमन यंत्र निर्धारित मानक के नही पाये गये। निर्गम द्वार नहीं पाये गये, स्लीपर बर्थ पर स्लाईडर लगे पाये गये एवं अन्य सुरक्षा संबंधी उपाय नही होने से उन वाहनों के विरूद्ध मोटरयान अधिनियम के तहत् कार्यवाही करते हुए 55 हजार रुपए का जुर्माना वसूल किया गया। साथ ही स्लीपर कोच यात्री बसों में एआईएस-119 के प्रावधानों के तहत् निम्नानुसार आवश्यक पूर्तियां पूर्ण कर ली गई है। उनकी जांच किये जाने हेतु जिले की समस्त स्लीपर बसों को को क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय सागर परिसर में खड़ी करने हेतु सूचना जिला बस आपरेटर एसोसिएशन को दी गई है। चैकिंग के दौरान यदि कमियां पाई जाती हैं तो मोटरयान अधिनियम 1988 के प्रावधानों के अनुसार कठोर कार्यवाही की जावेगी।

## न्यूज कार्नर

### जिपं की साधारण सभा की बैठक कल

**जागरण, सागर।** जिला पंचायत सागर की साधारण सभा की बैठक अध्यक्ष जिला पंचायत सागर के निर्देशानुसार 20 जनवरी को जिला पंचायत सभाकक्ष सागर में 3 बजे से आयोजित की जाएगी। पूर्व में साधारण सभा की बैठक ऐतिहासिक धरोहर गढ़पहरा किला में आयोजित की गई थी। उक्त बैठक अब गढ़पहरा किला के स्थान पर जिला पंचायत सभाकक्ष सागर में ही आयोजित की जाएगी।

### राष्ट्रीय परेड में कैडेट्स आयुष व पुरुषोत्तम करेंगे कदमताल

**जागरण, सागर।** आगामी 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस के अवसर पर नई दिल्ली के कर्तव्य पथ पर होने वाली राष्ट्रीय परेड में पं.दीनदयाल उपाध्याय शासकीय कला एवं वाणिज्य अग्रणी महाविद्यालय सागर से 11 एमपी एनसीसी बटालियन के कैडेट्स आयुष साहू एवं पुरुषोत्तम प्रजापति भी कदमताल करते हुए नजर आएंगे। प्राचार्य डॉ.सरोज गुप्ता के मार्गदर्शन एवं एनसीसी अधिकारी लेफ्टिनेंट डॉ.जयनारायण यादव के निर्देशन में महाविद्यालय के उक्त कैडेट्स का राजपथ दिल्ली के लिए चयन हुआ है जो मुख्य परेड में मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ निदेशालय का प्रतिनिधित्व करेंगे। महाविद्यालय परिवार, समस्त प्राध्यापकों और साथी कैडेट्स ने आयुष और पुरुषोत्तम के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें अपनी शुभकामना दी हैं। वहीं इस उपलब्धि को महत्वपूर्ण इसलिए माना जा सकता है क्योंकि राष्ट्रीय परेड में स्थान बनाना बेहद मुश्किल होता है। उच्च स्तर का प्रदर्शन करने वाले कैडेट्स को ही यह अवसर मिलता है। हालांकि सागर के लिए गौरव की बात है कि अभी से लेकर पूर्व में कई बार यह अवसर हमें मिला है।



**जागरण, सागर।** शहर में रविवार की दिन और रात अपेक्षाकृत कम ठंडी रहे। दिन का तापमान 29.2 डिग्री रहा जो सामान्य से 4 डिग्री कम है। वहीं रात का तापमान 15.6 डिग्री सैल्सियस रहा जो सामान्य से पांच डिग्री कम दर्ज किया गया।

### अतिक्रमण अमले को देख भागे दुकानदार

**जागरण, सागर।** शहर के तीन बत्ती से लेकर राधा तिराहा क्षेत्र तक अचानक हड़कंप की स्थिति बन गयी। लोग यहां वहां अपनी-अपनी दुकानों का कीमती सामान लेकर भागने लगे। जल्दबाजी में सामान को समेटा लेकिन जो बाकी रह गया और नगर निगम की टीम के हाथ में आ गया वह उसे जब्त करके ले गए। जिसमें हाथ ठेले भी शामिल हैं। दरअसल यह स्थिति इसलिए बनी क्योंकि नगर निगम और पुलिस के संयुक्त अमले ने तीन बत्ती से लेकर राधा तिराहे तक अतिक्रमण हटाने की ताबड़तोड़ कार्यवाई को अंजाम दिया।

टीम को आता देख अफरातफरी का माहौल नजर आया। सड़क किनारे दुकान लगाने वालों ने टीम को देखते ही अपनी-अपनी दुकानों को समेटना शुरू कर दिया। ठेलों पर बेतरतीब दुकान लगाने वाले ज्यादातर लोगों को अतिक्रमण की कार्यवाई कर हिदायत भी दी गई।

## एनसीसी-ए प्रमाणपत्र परीक्षा संपन्न



**जागरण, सागर।** 7 एमपी गर्ल्स बटालियन की जूनियर विंग की एनसीसी-ए प्रमाणपत्र परीक्षा वर्ष 2026 का आयोजन सांदीपनि एमएलबी विद्यालय क्रमांक 1 सागर केंद्र में किया गया। यह परीक्षा 7 एमपी गर्ल्स बटालियन के कमांडिंग ऑफिसर कर्नल सुजीत देशमुख के मार्गदर्शन एवं प्रशिक्षण सूबेदार मेजर सतीश के निर्देशन में 17 एवं 18 जनवरी को संपन्न हुई। परीक्षा में लिखित एवं प्रायोगिक दोनों चरण शामिल थे जिसमें बटालियन से संबद्ध शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों के लगभग 204 जूनियर कैडेट्स ने सहभागिता की। परीक्षा का निरीक्षण सागर ग्रुप कमांडर ब्रिगेडियर विकास बहुगुणा एवं ट्रेनिंग ऑफिसर द्वारा किया गया। परीक्षा के सफल संचालन में सांदीपनि विद्यालय की एनसीसी प्रथम अधिकारी स्मिता मिश्रा व एनसीसी अधिकारी सीता यादव, अर्चना पांडेय, उर्मिला तिवारी, श्वेता राठौर, शालिनी मिश्रा, कविता प्रधान एवं नेहा जैन का विशेष सहयोग रहा।

## उपलब्धियां और चुनौतियां विषय पर कार्यशाला

**जागरण, सागर।** डॉक्टर हरिसिंह गौर विश्वविद्यालय सागर मध्य प्रदेश एवं भारतीय शिक्षण मंडल महाकौशल प्रांत जिला सागर के तत्वाधान में विश्व विद्यालय में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 कार्यान्वयन के पांच वर्ष उपलब्धियां और चुनौतियां विषय पर दो दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई। सर्वप्रथम मां सरस्वती जी और भारत माता की प्रतिमा के समक्ष द्वीप प्रज्ज्वलन और पुष्प अर्पण के साथ कार्यशाला का उद्घाटन हुआ। सारस्वत वक्ता प्रोफेसर अर्चना पांडेय* ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति भारतीय ज्ञान परंपरा पर आधारित है जिसमें आत्म- बोध एवं आत्मावलोकन, भारतीय मातृभाषाओं में शिक्षा और भारत का देशज ज्ञान जो कि पूर्णतः प्राकृतिक और वैज्ञानिक है, के सिद्धांत को बल देता है जिससे कि विद्यार्थियों के व्यक्तित्व का पूर्ण विकास हो सके उनमें मूल्यों का विकास और संस्कार विकसित हो सके। कार्यशाला के संयोजक एवं विश्वविद्यालय के अकादमिक मामलों के निदेशक प्रो. दिवाकर राजपूत ने कार्यशाला की उपयोगिता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति में भारतीय ज्ञान दृष्टि, महिला उत्थान, भारतीय दर्शन के कौशल विकास, व्यावहारिक स्वरूप पर परिचर्चा हुई, और विश्व विद्यालय के विभिन्न विषयों के पाठ्यक्रम में परिवर्तन, सैद्धांतिक अभ्यास और व्यक्तित्व विकास की संकल्पना को आकार दिया गया, जिसमें राष्ट्र निर्माण की संकल्पना प्राथमिक रखी गई। मुख्य वक्ता भारतीय शिक्षण मंडल के अखिल भारतीय प्रचार प्रमुख डॉ. संजय पाठक जी* ने बताया कि हमारी राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में भारतीय ज्ञान परंपरा में विज्ञान और शिक्षा दोनों ही सम्मिलित है, वहीं कौशल विकास आम जीवन से जुड़ी कार्यों की क्षमता और रोजगारमुखी, संस्कार युक्त शिक्षा है, इस कार्यशील राष्ट्रीय शिक्षा नीति (ह्श्वक्क) 2020 के 5 साल में डिजिटल शिक्षा, व्यावसायिक शिक्षा, बुनियादी साक्षरता में सुधार और उच्च शिक्षा में नामांकन वृद्धि जैसी कई उपलब्धियां मिली हैं, लेकिन दूसरी ओर कुछ चुनौतियां भी निकल कर आई जिसमें,शिक्षकों की कमी, डिजिटल डिवाइड, मातृभाषा में शिक्षा लागू करने में चुनौतियां और ड्रॉपआउट दर जैसी समस्याएं भी हैं, इन्हें दूरी करने के निरंतर प्रयास किय जा रहे हैं। कार्यशाला की अध्यक्षता कर रहे कुलगुरु प्रोफेसर यशवंत सिंह ठाकुर ने अपने वक्तव्य में कहा कि बुनियादी शिक्षा में सुधार के लिए किय गए अध्ययन बताते हैं कि प्राथमिक शिक्षा में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 लागू होने के बाद पढ़ने की क्षमता में सुधार हुआ है, और 15-16 आयु वर्ग के गैर-नामांकित बच्चों की संख्या में बढ़ोत्तरी हो रही है। वहीं डिजिटल शिक्षा का विस्तार भी हुआ है,स्कूलों में कंप्यूटर और इंटरनेट की उपलब्धता बढ़ी है, डिजिटल साक्षरता को बढ़ावा मिला है।

पी एम श्री योजना में 14,500 से अधिक स्कूलों का उन्नयन किया गया है, जिससे गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का माहौल बना है। उच्च शिक्षा में वृद्धि देखी गई है, जिसमें उच्च शिक्षा में सकल नामांकन अनुपात में वृद्धि हुई है, और अकादमिक बैंक ऑफ क्रेडिट जैसी पहलें छात्रों को लचीलापन दे रही हैं वहीं व्यावसायिक शिक्षा में सामान्य शिक्षा को जोड़ा गया है और इसी शिक्षा नीति के तहत कौशल केंद्र स्थापित किए गए हैं। साथ ही कुछ चुनौतियां जैसे कि सीखने के अंतराल प्राथमिक स्तर पर अभी भी कई छात्र अपेक्षित पढ़ने की क्षमता हासिल नहीं कर पा रहे हैं। ग्रामीण और शहरी स्कूलों के बीच डिजिटल संसाधनों की उपलब्धता में बड़ा अंतर है।

## शहर में धड़ल्ले से बिक रहा है चाइनीज माझा : लक्ष्मीकांत



**जागरण, सागर।** आम आदमी पार्टी नेता लक्ष्मीकांत राज ने कहा है कि सागर जिले में प्रतिबंध के बावजूद चाइनजी मांझा धड़ल्ले से बिक रहा है। सदर बाजार के कजलीवन मैदान के पास एक बच्चे ने बताया कि यहां पर 10 रुपए 20 रुपए में आराम से मांझा मिल जाता है। आप नेता लक्ष्मीकांत ने बताया कि चाइनी मांझे के खिलाफ जहां जिला प्रशासन द्वारा कार्यवाही किए जाने के बाद भी शहर के कई युवा बच्चे इस माझे से पतंग उड़ा रहे हैं। एक वर्ष पूर्व में भी चाइनीज मांझे की चपेट में आ गया था। इंदौर जिले में भी कई हादसे में कई लोगों को अपनी जान गंवानी पड़ी और कई घायल हुए। उन्होंने बताया कि इसको लेकर जिला कलेक्टर को पत्र लिखकर कार्यवाही की मांग की है।

आयोजन | तीन कैटेगरी में हुआ मैराथन का आयोजन, खिलाड़ियों ने की नारेबाजी और जमकर जताया विरोध

# आईएमए सागर की मेगा मैराथन, मेडल न देने का आरोप

**जागरण, सागर।** इंडियन मेडिकल एसोसिएशन सागर शाखा एवं नगर निगम के संयुक्त तत्वावधान में स्वास्थ्य जागरूकता एवं स्वच्छ भारत मैराथन के अंतर्गत रविवार को मेगा मैराथन का आयोजन किया गया। आयोजकों द्वारा खिलाड़ियों को पुरस्कृत करने की बात कहीं गई लेकिन मौके पर मौजूद खिलाड़ियों का आरोप है कि उन्हें विजयी कैटेगरी में होने के बावजूद मैडल या नगद पुरस्कार नहीं दिए गए। रविवार को खेल परिसर से प्रारंभ हुई इस मैराथन को 100 वर्षीय प्रख्यात स्वतंत्रता सेनानी ताराचंद जैन ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। मैराथन का आयोजन 3 किलोमीटर, 5 किलोमीटर एवं 10 किलोमीटर की तीन श्रेणियों में किया गया। दौड़ मार्ग खेल परिसर से डिग्री कॉलेज, जैन स्कूल, मेडिकल कॉलेज रोड, तिली तिराहा, पॉलिटेक्निक कॉलेज होते हुए मनोरमा कॉलोनी चौराहे से वापस खेल परिसर तक निर्धारित किया गया जहां हजारों नागरिकों ने धावकों का उत्साहवर्धन किया। आईएमए सागर के अध्यक्ष डॉ.तल्हा साद ने बताया कि ऐसे आयोजन स्वास्थ्य को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने की दिशा में दूरगामी प्रभाव डालते हैं। उन्होंने कहा कि इस मैराथन के माध्यम से सर्वाइकल कैंसर, स्तन कैंसर, सुरक्षित मातृत्व, क्षय रोग सहित विभिन्न राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों के प्रति व्यापक जन-जागरूकता फैली है। हमारा लक्ष्य सागर के प्रत्येक नागरिक को स्वास्थ्य के प्रति जिम्मेदार बनाना है। प्रतियोगिता में 3 किलोमीटर वर्ग में कुशल सिंह ठाकुर, 5 किलोमीटर वर्ग में जगदेव सिंह एवं 10 किलोमीटर वर्ग में सऊद हसन ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। आईएमए की ओर से विजेताओं को नकद पुरस्कार, मेडल एवं प्रमाणपत्र प्रदान किए गए। प्रत्येक श्रेणी के शीर्ष 50 प्रतिभागियों को मेडल दिए गए जबकि सभी पंजीकृत प्रतिभागियों को डिजिटल सर्टिफिकेट प्रदान किया गया। 5000 से अधिक एथलीटों और नागरिकों की भागीदारी वाली यह मैराथन एक खेल आयोजन से आगे बढ़कर जन.जागरूकता का सशक्त माध्यम बनकर उभरी। आयोजकों ने कहा कि इस तरह के प्रयास स्वस्थ समाज और सशक्त भारत की दिशा में मील का पत्थर साबित होंगे।




### पुरस्कार न देने का आरोप लगाया

एक ओर आयोजक आईएमए द्वारा मैराथन के सफल आयोजन का दावा करते हुए विजेताओं को पुरस्कृत करने की बात की गई है तो दूसरी ओर इसका अन्य पक्ष भी सामने आया है। मैराथन में शामिल हुए कई खिलाड़ियों ने बताया कि विजयी सूची में होने के बावजूद उन्हें पुरस्कार नहीं दिए गए। पुरुष और महिला दोनों खिलाड़ियों को मैडल नहीं दिए गए। इन खिलाड़ियों का आरोप है कि आयोजन से जुड़े आईएमए के अध्यक्ष डॉ.तल्हा साद उनकी बात सुनने के बाद भी यहां से निकल गए। जबकि यहां मैरानथन में शामिल होने के लिए दूरदराज से खिलाड़ियों ने शिरकत की थी। आक्रोशित खिलाड़ियों ने खेल परिसर के मुख्य गेट के पास ही आयोजकों के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।



### ई-विकास प्रणाली से उर्वरक वितरण का प्रशिक्षण

**जागरण, सागर।** ई-विकास प्रणाली से उर्वरक वितरण के संबंध में 17 जनवरी को डॉ.हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय के अभिमंच सभागार में प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। इसमें उर्वरक वितरण की नवीन व्यवस्था ई-विकास प्रणाली के बारे में विस्तार से चर्चा की गई। प्रशिक्षण के लिए भोपाल से क्रिस्प के तकनीकी विशेषज्ञ शाश्वत सिंह ने विस्तार से चर्चा की। इस प्रणाली में कृषकों को आधार सत्यापन के पश्चात कुल कृषि भूमि के लिए अनुशंसित उर्वरक ई-टोकन के माध्यम से वितरित किया जाएगा। कृषि कल्याण तथा कृषि विकास विभाग द्वारा आयोजित इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में उपसंचालक कृषि राजेश त्रिपाठी, सहायक रसायन विशेषज्ञ एस बी सिंह, परियोजना संचालक आत्मा दमोह जेएल प्रजापति, अनुविभागीय कृषि अधिकारी अनिल राय, सहायक संचालक कृषि कुमुद बुनकर कोरी, अंकित रावत, जयदत्त शर्मा, समस्त वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारीए कृषि विस्तार अधिकारी, आत्मा परियोजना से बीटीएम शैलेश पांडे उपस्थित रहे।

## न्यूज कार्नर

### संस्कार भवन में सुंदरकांड पाठ संपन्न



**दमोह।** शनिवार को संस्कार भवन में रामभक्ति से सराबोर वातावरण में सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया। यह पुण्य आयोजन श्रीमती आरती अरविंद छोटे असाटी द्वारा किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ राम दरबार के समक्ष विधिवत पूजा अर्चना से हुआ। तत्पश्चात सभी बहनों द्वारा भावपूर्ण हनुमान चालीसा पाठ किया गया एवं इसके पश्चात सामूहिक आरती संपन्न हुई जिससे संपूर्ण वातावरण राममय हो गया। इसी पावन अवसर पर मकर संक्रांति के उपलक्ष में असाटी महिला समिति द्वारा हल्दी कुमकुम कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें सभी समाज की बहनों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम में लकी गेम रखा गया जिसमें प्रथम, द्वितीय बहनों को पुरस्कृत किया गया। सभी महिलाओं को श्रृंगार सामग्री भेंट स्वरूप वितरित की गई।

### गहोई दिवस मनाया


**हटा।** हटा तहसील के ग्राम हिनोता में प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी गहोई दिवस श्रद्धा, उल्लास और सामाजिक एकता के साथ धूमधाम से मनाया गया। आयोजन की शुरुआत शीतला माता मंदिर में सूर्य उपासना एवं विधिवत पूजन के साथ हुईए जिसके पश्चात कलश यात्रा निकाली गई। डीजे व गाजे-बाजे के साथ निकाली गई शोभायात्रा शीतला माता मंदिर से प्रारंभ होकर बस स्टैंड, चंडी माता मंदिर होते हुए पुनः शीतला माता मंदिर पहुंचकर संपन्न हुई। शोभायात्रा के दौरान ग्रामवासियों ने जगह-जगह पुष्पवर्षा कर स्वागत किया जिससे पूरा गांव उत्सवमय वातावरण में रंग गया। कार्यक्रम में हटा, गैसाबाद, पटेरा, सिमरिया, मड़ियादो, मुहरई एवं वर्धा सहित आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में समाजजन शामिल हुए। इस अवसर पर पधारे समाजजनों एवं वरिष्ठजनों का फूलमालाओं व श्रीफल भेंट कर सम्मान किया गया। आयोजन के दौरान नन्हे बच्चों द्वारा प्रस्तुत रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने सभी का मनमोह लिया।

### दो मोटरसाइकिल की भिड़ंत, एक रेफर



**बीना जागरण।** खुरई रोड ओवरब्रिज पर बीती रात दो मोटरसाईकिल आपस में टकरा गईं। जिससे दो युवक घायल हो गये। घायलों को शासकीय चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। जहां उनका प्राथमिक उपचार जारी है। मिली जानकारी अनुसार ऋषभ पित कैलाश जैन निवासी खुरई एवं दिलीप पिता शिवराज निवासी खुरई दोनों की मोटरसाईकिल आपस में खुरई ओवरब्रिज पर शाम 6 बजे टकरा गई। इसी दौरान बाजू से निकल रहे डंबर से ऋषभ जैन की मोटरसाईकिल टकरा गई। जिस कारण उसे गंभीर चोट आई हैं। स्थानीय लोगों ने दोनों मोटरसाईकिल चालक को शासकीय चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। जिसके बाद ऋषभ जैन को गंभीर चोट आने के कारण उसे जिला चिकित्सालय रेफर किया गया है।

### पूर्व मुख्यमंत्री 20 को ग्राम गोदना में



**बीना जागरण।** ग्राम गोदना में रविवार को कांग्रेसियों ने जनसंपर्क किया। इस दौरान पूर्व मंत्री प्रभुसिंह ठाकुर ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुये कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री एवं राज्यसभा सदस्य दिग्विजय सिंह 20 जनवरी मंगलवार को ग्राम गोदना में पंचायत चौपाल को लगायेंगे। उन्होंने कहा कि जन चौपाल के माध्यम से पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजयसिंह ग्रामीणों की समस्याओं को जानेंगे और उन समस्याओं को सरकार तक पहुंचायेंगे। पूर्व मंत्री प्रभु सिंह ठाकुर ने ग्रामवासियों से अपील की है कि वह पंचायत चौपाल में पहुंचकर कार्यक्रम को सफल बनाएं। इस दौरान ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष इंदर यादव, शहर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष अनुराग ठाकुर, पूर्व जनपद अध्यक्ष इंद्र सिंह ठाकुर, एडवोकेट राजाराम अहिरवार, भूपेंद्र सिंह ठाकुर, अशोक परिहार, विनोद पोरिया, विक्रांत गोलंदाज, नरेंद्र सिंह ठाकुर, शुभम ठाकुर, रामकिशन अहिरवार, राजकुमार लोधी, भगत सिंह, राहुल सिंह, मोहन सिंह सहित कई कांग्रेसी उपस्थित रहे।

---

**महिला सरपंच की जगह पति चला रहे है पंचायत**

# 15 लाख की सीसी सड़क की हालत खस्ता, घटिया निर्माण से उड़ रही धूल



**जागरण पथरिया।** जनपद पंचायत पथरिया अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत बोतराई में लगातार घटिया गुणवत्ता कार्य हो रहे हैं। यहां नियुक्त अधिकारियों द्वारा कार्यालय में बैठकर ही निरीक्षण एवं गुणवत्ता का मूल्यांकन कर दिया जाता है जिससे लाखों रुपए की सीसी पर कुछ दिनों में धूल उड़ने लगती है। ग्राम पंचायत में भी सरपंच-सचिव का दबदबा होने के कारण कोई बोलने को तैयार नहीं है। ग्राम पंचायत बोतराई में इमला से गोला कुआं तक सीसी सड़क निर्माण ग्राम पंचायत द्वारा कराया गया जो लगभग 15 लाख रुपए की राशि से हुआ था लेकिन कुछ ही दिनों में सीसी सड़क से धूल उड़ने लगी घटिया एवं गुणवत्ताहीन निर्माण होने के कारण यह पूरी तरह उखड़ चुकी। इंजीनियर द्वारा भी इस सड़क की गुणवत्ता की जांच नहीं की गई बल्कि कमीशनबाजी के चलते सड़क को वेरीफाई कर दिया। मंत्री लखन पटेल द्वारा भी ग्राम बोतराई का भ्रमण लगातार होता रहता है और यह सभी अनियमितताओं को नकार दिया जाता है। ग्राम पंचायत बोतराई में लगातार विधायक निधि के कार्य में भी गड़बड़ झाला है। मंत्री के करीबी लगातार ग्राम पंचायत का कार्य कर रहे हैं जिसमें काफी फर्जीबाड़ा है। नियुक्त अधिकारी निरीक्षण करने से कतराते हैं साथ ही गांव वाले भी शिकायत करने से डरते हैं।

### पत्नी सरपंच और पति चला रहे सरपंची

वहीं सरपंच श्यामरानी से जब जर्जर सड़क के बारे में पूंछा गया तो उन्होंने कहा उनके पति आ जाएंगे तब उनसे बात कर लेना। मुझे इस संबंध में कुछ पता नहीं है क्योंकि पंचायत के कार्य मेरे पति देखते है और वही दौरे पर जाया करते है।

### इनका कहना है

आपके द्वारा मुझे सड़क के बारे में पता लगा है और अगर कुछ ही महीने पहले सड़क निर्माण का कार्य हुआ है तो सड़क की हालत जर्जर नहीं होनी चाहिए। टीम भेजकर निरीक्षण करवा लेता हूं और दो दिवस में संबंधित के खिलाफ कार्यवाही करवाता हूं।

**कृष्णकांत पांडे,** सीईओ पथरिया

## सीहोरा में मंत्री राजपूत ने किए एक करोड़ से अधिक के विकास कार्यों के भूमि पूजन एवं लोकार्पण



**जागरण, सीहोरा।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की दूरदर्शी सोच का प्रतिफल है वीबी-जी रामजी योजना जिससे वर्ष 2047 तक विकसित भारत के लक्ष्य को साकार कर गांव को समृद्ध बनायेंगे। इस योजना में 125 दिन के रोजगार की गांरटी है। इस योजना में ग्राम पंचायतें अपने गांव के विकास के लिए खुद निर्णय लेकर विकास कार्य करेंगी। सीसी रोड सोंदर्यकरण अधोसंरचना जैसे कार्य कर ग्राम पंचायतें शसक्त होंगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का सपना अब साकार होता नजर आ रहा है। यह बात खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने सीहोरा में विभिन्न विकास कार्य के लोकार्पण एवं भूमि पूजन के अवसर पर कही। उन्होंने कहा कि सुरखी विधानसभा क्षेत्र के गांव-गांव में करोड़ों के विकास कार्य चल रहे हैं छोटे-छोटे गांव भी अब पक्की सड़कों से जुड़ चुके हैं यह सब देखकर कांग्रेस बौखला गई है। इस अवसर पर मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने सीहोरा में नल जल योजना, पेयजल टैंकर, सी.सी. रोड निर्माण कार्य मुख्य बाजार से जैन मंदिर की ओर, चबूतरा निर्माण, हाईमास्ट फाउन्डेशन कंट्रोल पैनल मय फिटिंग 02 स्थानों पर, मंगल भवन निर्माण कार्य संत रविदास मंदिर के पास, ,सीहोरा में शॉपिंग कॉम्प्लेक्स, सीहोरा में राजस्व का आवासीय भवन, सीहोरा में उप तहसील कार्यालय भवन, सीहोरा में हाई स्कूल का अनुरक्षण कार्य, सीहोरा प्राथमिक भााला में फर्नीचर, प्री-फेब्रिकेटेड स्वागत द्वार निर्माण कार्य सिहोरा लोटना मार्ग पर, सामुदायिक, भवन, घाट निर्माण कार्य, श्रवण प्रताप चबूतरा निर्माण, शांतिधाम सौंदर्याकरण कार्य, पेवर ब्लॉक कार्य पंचायत भवन, टीन शेड निर्माण भूतेश्वर मंदिर, आदि का लोकार्पण एवं भूमिपूजन करते हुए सीहोरा को मंत्री राजपूत ने एक करोड़ से अधिक की राषि के विकास कार्यों की सौगात दी। राजपूत ने कहा कि चैकी जलंधर मार्ग को वन विभाग से अनुमति दिला दी है, अब इसका कार्य शीघ्र पूर्ण होगा इससे करीब 50 ग्रामों को आवागमन की सुविधा होगी। इस अवसर पर राजेन्द्र दुबे, पप्पु राय, बृज बिहारी तिवारी सरपंच उदय लोधी, मंडल अध्यक्ष लोकमन लोधी , भगवतसरण ठाकुर, रघुराजसिंह ठाकुर, दरयाव सिंह ठाकुर, महेन्द्र राय, श्रीराम यादव, गंधर्व राजपूत, जगदीष साहू सरपंच, रवि मंगोलिया, वृंदावन राय जनपद सदस्य, सुरेन्द्र उपाध्याय, राजा फौजदार, भूपेंद्र ठाकुर कमल लोधी, भगवानसिंह ठाकुर, जितेन्द्र राजपूत, सोहन साहू शंकर विष्वकर्मा, सुनील जैन, कमल पड़ोसी, शैलेन्द्र साहू, सुनील गौतम, सनू जैन, केदार यादव, भोले दुबे, बंसत यादव, रविन्द्र, सुरेन्द्र सहित सैकड़ो क्षेत्रवासी एवं भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन राकेश दुबे ने किया आभार महेंद्र राय ने किया।

## बंसल समाज की बैठक का हुआ आयोजन



**जागरण राहतगढ़ ।** नगर के वार्ड एक स्थित धर्मशाला में बंसल समाज की बैठक आयोजित की गई। जिसमें बंसल समाज के जिला अध्यक्ष अशोक बंसल एवं ब्लॉक अध्यक्ष रघुवीर धानुक के समक्ष सर्व सहमति से पृथ्वीराज धानुक को सुरखी विधानसभा का अध्यक्ष नियुक्त किया। मुख्य अतिथि के रूप में किसान मोर्चा अध्यक्ष आयुष श्रीवास्तव युवा मोर्चा नगर अध्यक्ष सचिन घोषी रामकुमार सेन थे। कार्यक्रम में आयुष श्रीवास्तव ने कहा कि आप सभी समाज को आगे लेकर जाएं आपके साथ सदैव हमारे क्षेत्र के नेता गोविंदसिंह राजपूत एवं हम सभी आपके विकास एवं उत्थान के लिए सदा खड़े है। कार्यक्रम में समाज के सभी वरिष्ठ लोग उपस्थित रहे। जिसमें जिला महामंत्री धानक समाज पप्पू बंसल रामलाल सुरेंद्र बंसल सरपंच मूलचंद सुनील कमल मुहासा राजेश रामकिशन गब्बर पृथ्वी सिंह धानुक आदि उपस्थित रहे।

## रामा राव नायडू गौशाला में सत्य कबीर पंचकर्म एवं वेल्डनेस सेंटर का शुभारंभ

**जागरण हटा।** विश्व हिंदू परिषद के सेवा विभाग के माध्यम से आज रामा राव नायडू गौशाला परिसर में सत्य कबीर पंचकर्म एवं वेल्डनेस सेंटर का विधिवत शुभारंभ किया गया। केंद्र का लोकार्पण आचार्य पीठ कबीरधाम सागर के पीठाधीश्वर गुरुदेव राम जीवन शास्त्री के कर कमलों से संपन्न हुआ। इस अवसर पर नगर के अंधियारा बगीचा से एक भव्य शोभायात्रा निकाली गई जो नगर भ्रमण करते हुए श्री राम गौशाला परिषद परिसर में संपन्न हुई। शोभायात्रा के समापन के पश्चात गुरुदेव रामजीवन शास्त्री द्वारा पंचकर्म एवं वेल्डनेस सेंटर का विधिवत लोकार्पण किया गया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित सभी अनुयायियों एवं पदाधिकारियों द्वारा गुरुदेव जी का पुष्पमालाओं से भव्य स्वागत किया गया। आरती-वंदन के उपरांत गुरुदेव जी ने सभी को आशीर्वाद प्रदान किया। तत्पश्चात अपने उद्बोधन में उन्होंने पंचकर्म चिकित्सा पद्धति के महत्व पर प्रकाश डालते हुए इसे समाज के लिए अत्यंत लाभकारी बताया। कार्यक्रम में अनुराग मिश्रा प्रांत सेवा प्रमुख महाकौशल प्रांत, द्वारका मिश्रा जिला संगठन मंत्री, अजय खत्री जिला अध्यक्ष विश्व हिंदू परिषद, शंभू विश्वकर्मा जिला मंत्री, बबलू राय जिला उपाध्यक्ष, राजेश पटेरिया जिला उपाध्यक्ष, भरत राय प्रखंड अध्यक्ष, सुशील सेलट प्रखंड मंत्री, सुनील सोनी प्रखंड सत्संग प्रमुख, संजू शर्मा सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता एवं श्रद्धालु उपस्थित रहे। केंद्र में वैद्य बीपी विश्वकर्मा द्वारा निरंतर सेवाएं प्रदान की जाएंगी। जहां पंचकर्म चिकित्सा पद्धति के माध्यम से आमजन का उपचार किया जाएगा।

## भाजयुमो ने कांग्रेस विधायक का पुतला फूंका

**हटा।** मप्र कांग्रेस के भांडेर विधायक फूल सिंह बरैया द्वारा महिलाओं को लेकर दिए गए आपत्तिजनक एवं अमर्यादित बयान से प्रदेश भर में आक्रोश व्याप्त है। जिसके चलते भाजपायुमो नगर मंडल हटा द्वारा विधायक के बयान के विरोध में पुतला दहन कर जोरदार प्रदर्शन किया गया। भाजयुमो नगर मंडल हटा के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने एक स्वर में कहा कि महिलाओं के सम्मान और गरिमा पर चोट करने वाले ऐसे बयान किसी भी सूरत में स्वीकार्य नहीं हैं। यह बयान न केवल महिला समाज का अपमान है बल्कि कांग्रेस पार्टी की महिलाओं के प्रति मानसिकता को भी उजागर करती है। युवा मोर्चा ने कांग्रेस नेतृत्व से मांग की कि वह इस मामले को गंभीरता से लेते हुए संबंधित विधायक के विरुद्ध तत्काल कठोर कार्रवाई करे तथा विधायक सार्वजनिक रूप से माफी मांगें। भाजयुमो नगर मंडल हटा ने स्पष्ट किया कि भाजपा महिलाओं के सम्मान, सुरक्षास्वाभिमान के लिए सदैव प्रतिबद्ध रही है और भविष्य में भी ऐसे किसी भी कृत्य का पुरजोर विरोध करती रहेगी।

# हजारों की संख्या में रह रहे बाहरी किरायेदार, पुलिस को नहीं जानकारी

### शहर में दूसरे प्रांतों से आये लोगों की भरमार , मकान मालिक लेते हैं मनमाफा किराया

**बीना।** शहर में दूसरे प्रांतों से आये लोगों की संख्या बढ़ती चली जा रही है यह लोग दूसरे प्रांतों से आकर किराये के मकानों में रह रहे हैं मकान मालिक मोटा किराया बसूल करने के एवज में इसकी जानकारी पुलिस को नहीं दे रहे हैं। सैकड़ों की संख्या में अपराधी तत्व के लोग शहर में किरायेदार बनकर कई महिनों से रह रहे हैं। इसके अलावा शहर की लॉजों एवं होटलों में भी बाहरी लोगों को मोटे शुल्क के ऐवज में बिना पहचान के कमरा आसानी से दे दिया जाता है। कई संदिग्ध लोग शहर की होटलों में आकर रहते हैं और किसी भी घटना को अंजाम देकर आसानी से निकल जाते हैं। पुलिस द्वारा लॉजों एवं होटलों को चैक न किये जाने की वजह से संचालक ज्यादा पैसा बसूलकर बड़ी आसानी से बाहरी लोगों को बिना एन्ट्री किये ही कमरा उपलब्ध करा देते हैं। यही नहीं आधा दर्जन लॉजें बिना लायसेंस के ही संचालित की जा रही हैं इन लॉजों में कई प्रकार की संदिग्ध गतिविधियां होती रहती हैं इसके बावजूद भी पुलिस ने आज तक बिना लायसेंस वाली लॉजों पर छापा नहीं डाला है और न ही यह जानकारी जुटाने की जरूरत समझी है कि शहर में कितनी लॉजें गैर कानूनी तरीके से संचालित की जा रही हैं। इसके अलावा शहर में दिन पर दिन बाहरी किरायेदारों की संख्या बढ़ती ही चली जा रही है। इन किरायेदारों के संबंध में न तो मकान मालिक द्वारा पुलिस में कोई जानकारी उपलब्ध कराई जा रही है और न ही पुलिस इन किरायेदारों की जानकारी लेने में दिलचस्पी दिखा रही है। बाहर से आये लोगों के लिये नगर में किराये से रहना कोई बड़ी बात नहीं है मकान मालिकों को किराये से मतलब होता है किरायेदारों से नहीं। इसलिये इन



किरायेदारों की पूर्ण जानकारी लिये बिना ही अपना मकान किराये से देते हैं। नगर के अनेक ऐसे मकान मालिक है जिनको अपने किरायेदार की पूर्ण जानकारी ही नहीं है कौन कहां से आया है कहां का रहने वाला है अगर कोई बड़ी बारदात हो जाये तो इसका जिम्मेदार कौन होगा। क्योंकि कई क्षेत्रों में अनेक प्रांतो के लोगों की भरमार देखी गई है यह बीना नगर एक प्रकार का किरायेदारों का गढ़ बनता जा रहा है।

**मनमाफिक लेते हैं किराया**

किरायेदार रखने का शौक पाले इन मकान मालिकों द्वारा मजदूर किरायेदारों से मनमाफिक किराया बसूला जाता है कुछ ऐसे किरायेदार होते हैं जो गृहस्थी वाले होते हैं जिन्हें मजबूरी में मकान बदलना संभव नहीं होता है। मकान मालिक ऐसे किरायेदारों से मन माफिक किराया वसूल कर मोटी रकम ऐंठ रहे हैं।

**कुछ संदिग्ध किरायेदार**

अन्य प्रांतों से आये किरायेदार दिन में तो अपना छोटा मोटा व्यवसाय करते हैं लेकिन शाम होते ये लोग अपनी संदिग्ध गतिविधियों में संलग्न हो जाते हैं इनका झुंड का झुंड चौक चौराहों पर योजनायें बनाते हुये देखे जा सकते हैं। प्रशासन द्वारा इन अनजान लोगों और इनको किराये से मकान देने वालों पर समय रहते कोई कार्यवाही नही की गई तो वह दिन दूर नहीं जब कोई बड़ी घटना घट जाये और प्रशासन हाथ मलते रह जाये। क्योंकि इन अजनबियों के समूह के समूह शहर के हर चौराहों पर देखे जा सकते हैं।

**आज तक नहीं हुई कार्यवाही**

मनमाना किराया बसूलने के चक्कर में मकान मालिक किसी को भी अपना मकान किराये से दे देते हैं इनके पास न तो किसी की आवश्यक जानकारी होती है और न ही कोई विवरण ऐसे मकान मालिकों पर आज तक किसी भी प्रकार

## बीपीसीएल स्वर्ण जयंती स्थापना वर्ष के उपलक्ष्य में चिकित्सा शिविर का आयोजन



**बीना जागरण।** विवेकानंद केंद्र बीना रिफायनरी अस्पताल द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मंडी बामोरा में एक विशेष विशेषज्ञ चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर बीपीसीएल के स्वर्ण जयंती स्थापना वर्ष 50 वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में आयोजित किया गया। इस विशेष चिकित्सा शिविर में विशेषज्ञ चिकित्सकों के रूप में फिजिशियन डॉ.रवि सिंह, स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ.मंजिरी जोशी, शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ.मेधा भराडे, मेडिकल ऑफिसर डॉ.आनंद राजोरिया एवं डॉ.आशीष तिवारी द्वारा आवश्यकता अनुसार मरीजों को परामर्श प्रदान किया गया। शिविर के दौरान मरीजों की ब्लड प्रेशर, शुगर, हीमोग्लोबिन, ईसीजी सहित अन्य आवश्यक जांचें पूर्णतः निःशुल्क की गईं। साथ ही सभी मरीजों को निःशुल्क दवाइयों का वितरण भी किया गया। शिविर में क्षेत्र के नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। लगभग 226 से अधिक मरीजों ने विशेषज्ञ चिकित्सकों से परामर्श प्राप्त कर इस स्वास्थ्य सेवा का लाभ उठाया। इस अवसर पर नगर के विशिष्ट अतिथि अमित अग्रवाल, नवीन पालीवाल, मनोज श्रीवास्तव, राजीव अग्रवाल, बजरंग दल मंडी बामोरा की पूरी टीम, मोनू देवलिया, रामप्रसाद साहू सहित अनेक गणमान्य नागरिक विशेष रूप से उपस्थित रहे। शिविर का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं स्वामी विवेकानंद जी को माल्यार्पण कर किया गया। शिविर के संचालन एवं नियोजन में मंडी बामोरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के मेडिकल ऑफिसर डॉ. राजेश पस्तोर का विशेष सहयोग रहा, जिससे शिविर को सुचारु एवं व्यवस्थित रूप से संपन्न कराया जा सका। नगर के वरिष्ठ नागरिकों एवं जनप्रतिनिधियों ने इस सामाजिक सेवा कार्य के लिए बीपीसीएल तथा विवेकानंद केंद्र बीना रिफायनरी अस्पताल प्रबंधन का हृदय से अभिनंदन किया तथा भविष्य में भी इस प्रकार के स्वास्थ्य शिविर निरंतर आयोजित किए जाने का आग्रह किया। इस दौरान डॉ.आशीष तिवारी द्वारा उपस्थित मरीजों को ब्लड प्रेशर एवं शुगर से बचाव के उपायों की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। यह शिविर आमजन के स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने एवं निःशुल्क चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने की दिशा में एक सराहनीय, जनहितकारी एवं प्रेरणादायक पहल सिद्ध हुआ।

## नरसिंह मंदिर में विहिप एवं बजरंग दल की जिला बैठक आयोजित



**बीना जागरण।** नरसिंह मंदिर परिसर में विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल की जिला कार्यकारिणी की बैठक का आयोजन रविवार को जिला अध्यक्ष सुनील सिरोठिया की अध्यक्षता में किया गया। बैठक में विहिप की राष्ट्रीय कार्यकारिणी द्वारा हाल ही में सरकार से की गई प्रमुख मांगों की जानकारी जिला उपाध्यक्ष जसविंदर सिंह (जस्सी) ने दी।

उन्होंने कहा कि हिंदू मंदिरों की आय का उपयोग मंदिरों के संरक्षण व जीर्णोद्धार में ही किया जाए तथा मंदिरों की भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराया जाए। बैठक में बजरंग दल के प्रमुख कार्यक्रमों की जानकारी भी दी गई। जिनमें हनुमान जयंती बालोपासना, 1 से 7 जुलाई तक सेवा सप्ताह, साहसिक यात्रा बूढ़ा अमरनाथ, अखंड भारत दिवस, 2 नवंबर को हुतात्मा दिवस एवं शौर्य संचालन शामिल हैं। जिला अध्यक्ष सुनील सिरोठिया ने युवाओं से नशे से दूर रहने की अपील की। बैठक में संगठनात्मक विस्तार के तहत निखिल पाठक को विहिप नगर अध्यक्ष, रौनक यादव को बजरंग दल जिला संयोजक, शांतनु त्रिपाठी व राहुल रजक मंडी बामोरा को सहसंयोजक नियुक्त किया गया। बैठक में विभाग संयोजक राजीव गोस्वामी, जिला मंत्री शिवम पाठक सहित जिले के विभिन्न प्रखंडों के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## अज्ञात बुर्जग महिला की हालत गंभीर



**बीना जागरण।** सिविल अस्पताल में भर्ती एक अज्ञात करीब 70 वर्षीय बुजुर्ग महिला की हालत बिगड़ने पर रविवार को उसे जीआरपी की मदद से जिला अस्पताल सागर रेफर किया गया। जानकारी के अनुसार 23 दिसंबर को उक्त महिला को अज्ञात अवस्था में सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां उसका उपचार चल रहा था। कुछ दिनों बाद महिला स्टेशन रोड क्षेत्र में पहुंच गई, जहां अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दी। हादसे में महिला गंभीर रूप से घायल हो गई, जिसके बाद उसे पुनः सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया। इलाज के दौरान महिला की हालत लगातार बिगड़ती गई। जिसकी सूचना अस्पताल प्रबंधन ने जीआरपी को दी। जीआरपी ने आवश्यक कार्रवाई करते हुए महिला को जिला अस्पताल सागर रेफर किया गया।

## अज्ञात कारणों से युवक की मौत

**बीना जागरण।** मकर संक्रांति पर अपने मामा के घर आये युवक की अज्ञात कारणों से मौत हो गई। मिली जानकारी अनुसार ग्राम तोड़ापाली निवासी दुर्गेश चढ़ा आयु 30 वर्ष अपने मामा के घर संक्रांति के त्यौहार पर ग्राम जौध आया आया था। शनिवार को उसे अचानक पेट में दर्द हुआ और जमीन पर गिर पड़ा। परिजन उसे इलाज के लिये शासकीय चिकित्सालय इलाज के लिये लेकर आये। जहां पर चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। परिजन युवक के शव को पोस्टमार्टम कराये बिना ही ग्राम तोड़ापाली ले गये। मौत का कारण दिल का दौरा बताया जा रहा है।

## ब्रम्हाबाबा की पुण्यतिथि शांति दिवस के रूप में मनाई

**बीना जागरण।** ब्रह्माकुमारी संस्थान के ज्ञान शिखर सेवाकेंद्र पर रविवार को ब्रह्माकुमारी के साकार संस्थापक प्रजापिता ब्रह्मा बाबा की 57वीं पुण्यतिथि विश्व शांति दिवस के रूप में मनाई गई। भाई-बहनों ने पुष्पांजली अर्पित कर बाबा की शिक्षाओं को याद किया। इसे लेकर ब्रह्ममुहूर्त से देर रात तक योग-साधना का दौर जारी रहा। कार्यक्रम में वरिष्ठ राजयोग शिक्षिका बीके जानकी दीदी ने कहा कि ब्रह्मा बाबा ने नारी को शक्ति बनाने का महान कार्य किया। आज उनके बताए मार्ग पर चलकर हजारों माताओं-बहनों ने अपने जीवन को नारी शक्ति के रूप में तैयार किया है। 15 दिसंबर 1876 में जन्मे दादा लेखराज (ब्रह्मा बाबा) बचपन से ही कुशाग्र बुद्धि और ईमानदार थे। उन्हें परमात्म मिलन की इतनी लगन थी कि अपने जीवन काल में 12 गुरु बनाए थे। वह कहते थे कि गुरु का बुलावा मतलब काल का बुलावा। 60 वर्ष की आयु में वर्ष 1936 में आपको दुनिया के महाविनाश और नई सृष्टि का साक्षात्कार हुआ। इसके बाद आपने परमात्मा के निर्देशन अनुसार अपनी सारी चल-अचल संपत्ति को बेचकर माताओं-बहनों के नाम एक ट्रस्ट बनाया, उस समय संस्थान का नाम ओम मंडली था। वर्ष 1950 में संस्थान के माउंट आबू स्थानांतरण के बाद इसका नाम प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय पड़ा।

## न्यूज कार्नर

### पांचवें दीक्षांत समारोह की तैयारियों की कुलगुरु ने की समीक्षा

**जागरण,छतरपुर।** महाराजा छत्रसाल बुंदेलखण्ड विश्वविद्यालय, छतरपुर के पांचवें दीक्षांत समारोह की तैयारियों की समीक्षा हेतु सभी समितियों के संयोजकों की एक महत्त्वपूर्ण बैठक कुलगुरु प्रो राकेश कुशवाह की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में डीएसडब्लू डॉ आर.एस. सिसौदिया, डीसीडीसी डॉ ओपी अरजरिया, वरिष्ठ प्राध्यापक और समन्वयक डॉ ममता वाजपेई, शोध निदेशक प्रो बहादुर सिंह परमार, वित्त नियंत्रक विजय कुमार तिर्की, रजिस्ट्रार यशवंत सिंह पटेल सहित सभी समितियों के संयोजक, प्राध्यापक परिवार तथा कर्मचारीगण उपस्थित रहे। मीडिया संयोजक नन्दकिशोर पटेल ने बताया कि विश्वविद्यालय के शताब्दी प्रांगण में पंचवां दीक्षांत समारोह 23 जनवरी को ज्ञान की देवी मां सरस्वती के प्राकट्य दिवस वसंत पंचमी के पावन पर्व पर प्रदेश के राज्यपाल मंगुभाई पटेल की गरिमामयी अध्यक्षता में होगा। सारस्वत अतिथि प्रो खेमसिंह डहेरिया,अध्यक्ष ,म.प्र. निजी विश्वविद्यालय विनियामक आयोग, भोपाल, दीक्षांत उद्बोधन देंगे। विशिष्ट अतिथि के रूप में दिलीप अहिरवार, राज्य मंत्री, वन एवं पर्यावरण मंत्रालय, भोपाल एवं माननीय श्रीमती ललिता यादव, विधायक, छतरपुर की महती उपस्थित रहेगी। इस अवसर पर राज्यपाल 19 शोधार्थियों को शोध उपाधि, 46 प्रतिभावान विद्यार्थियों को स्वर्ण पदक, 215 स्नातक एवं स्नातकोत्तर विद्यार्थियों को उपाधियां प्रदान करेंगे । बैठक में दीक्षांत समारोह की पृष्ठभूमि और आयोजना पर प्रकाश डालते हुए कुलगुरु प्रो राकेश कुशवाह ने इस समारोह की तैयारियों पर सभी समितियों के संयोजकों तथा सदस्यों से चर्चा की। सभी संयोजकों ने अपनी समिति के द्वारा किए गए कार्यों का विवरण प्रस्तुत किया। इस अवसर पर कुलगुरु ने सभी संयोजकों से उनके द्वारा अभी तक किए गए कार्यों की प्रगति की जानकारी प्राप्त कर अपना कार्य तेज गति से करने की बात कही, साथ ही उन्होंने मितव्ययिता से सभी कार्य करने पर विशेष जोर दिया। कुलगुरु ने कहा कि हम सभी को मिलजुल कर पंचम दीक्षांत समारोह और भी भव्य तथा गरिमामयी बनाना है।

### सीसीटीवी फुटेज से उजागर हुआ आगजनी का मामला

# कचरे की आग से पेंट गोदाम में लगी आग, आग से करोड़ों का नुकसान

**जागरण,छतरपुर।** कभी कभी छोटी से लापरवाही लोगों को भारी पड़ जाती है और इसका बड़ा खामियाजा भुगतना पड़ता है। जिसका जीता जागता उदाहरण रविवार को नौगांव रोड में पेंट गोदाम में देखने को मिला जहां कचरे की चिंगारी से आग लग गई और करोड़ों का नुकसान हो गया और बड़ा हादसा भी टल गया। जानकारी के अनुसार सिटी कोतवाली के अंतर्गत नौगांव रोड़ में रिलायंस पेट्रोल पम्प के ठीक पीछे मठोले लक्ष्मण साहू के कैम्पस में सिरोठिया पेन्ट के गोदाम में अचानक आग भड़क गई। जिससे व्यापारी का करीब 1 करोड़ रूपये का नुकसान हो गया। गनीमत यह रही कि नगर पालिका की फायर बिग्रेडों और स्थानीय लोगों ने मिलकर आग पर काबू पा लिया अन्यथा बड़ा हादसा हो जाता क्योंकि चंद कदम की दूरी पर रिलायंस पेट्रोल पम्प था और अगर आग पेट्रोल पम्प तक पहुंच जाती तो कोई बड़ा हादसा हो सकता था। घटना सुबह 10 बजे की बताई जा रही है कई घंटे की मेहनत के बाद आग पर काबू पाया गया । फिर भी व्यापारी का 1 करोड़ के आसपास का नुकसान हो गया वह एशियन बर्जर पेन्ट के थोक डीलर है और दूधनाथ मंदिर के पास उनकी सिरोठिया पेन्ट के नाम से दुकान है। इस



आगजनी की सूचना मिलने पर सीएसपी अरूण सोनी एसडीएम अखिल राठौर, तहसीलदार पियूष दीक्षित, कोतवाली टीआई अरबिंद दांगी, थाना ओरछा रोड़ प्रभारी दीपक यादव, नगर पालिका के स्वच्छता निरीक्षक संजेश नायक सहित नगर पालिका का अमला और पुलिस बल मौजूद रहा। आग पर काबू पाने के बाद पुलिस ने गति कोरियर में लगे सीसीटीवी कैमरे के डीबीआर जप्त कर फुटेज भी खगांले है गोदाम मालिक सुयश सिरोठिया ने बताया कि बह मऊरानीपुर में अपने घर पर थे तभी उन्हें फोन पर सूचना मिली की गोदाम में आग लग गई है तो वह आनन फानन में मऊरानीपुर से छतरपुर पहुंचे और देखा कि गोदाम रखा पेन्ट और अन्य सामान जलकर राख हो गया था। जिससे उनका करोड़ो का नुकसान हुआ है सुयश सिरोठिया के अनुसार पुलिस ने सीसीटीवी कैमरों से जो फुटेज खंगाले है उन फुटेजों के बीडियों में दिखाई दे रहा है कि कोरियर में काम करने बाले दो लड़को ने झाड़ूं लगाई और कागज उनकी गोदाम के शटर के सामने इकट्टे करके आग लगा दी और इसी से आग पकड़ गई। कोरियर में काम करने वाले इन लड़को की जरा सी लापरवाही के चलते उनका भारी नुकसान हुआ है सुयश सिरोठिया ने बताया कि वह कोतवाली घटना की रिपोर्ट करने आये हुए है।

**गोदाम में नही है लाईट का कनेक्शन**

जब सुबह 10 बजे आगजनी की यह घटना घटित हुई तब लोग यह कयास लगा रहें थे कि विद्युत की शार्टसर्किट से आग लगी है। लेकिन जब गोदाम में बिजली का कनेक्शन भी नहीं है तो शार्ट सर्किट होने का सबाल ही नहीं उठता है और उधर जब सीसीटीवी फुटेज सामने आया तब स्थिति स्पष्ट हुई कि कोरियर के कर्मचारियों ने कचरे में आग लगाई और उसी से आग पकड़ गई। वहीं इस संबंध में कोतवाली टीआई अरविंद दांगी का कहना है कि सीसीटीवी फुटेज से स्पष्ट है कि कोरियर में काम करने वाले लड़के ने झाडू लगाकर गोदाम के सटर के सामने कचरे में आग लगाई और कचरे की आग से ही गोदाम के अंदर आग पहुंच गई। कोरियर में काम करने वाले कर्मचारी पर मामला पंजीबद्ध किया जा रहा है।

# खेल मैदान में बल्ले से पीटकर युवक की हत्या, उजाड़ दिया घर

**जागरण,टीकमगढ़।** ग्राम मतोली में रविवार की सुबह क्रिकेट का मैदान उस वक्त चीख-पुकार और मातम में बदल गया, जब खेल के दौरान हुए मामूली विवाद ने एक युवक की जान ले ली। ग्राम मतोली के गौशाला के पास बने मैदान में क्रिकेट खेल रहे 23 वर्षीय बलराम उर्फ बालादीन अहिरवार की बेरहमी से पिटाई कर दी गई।

सिर पर बल्ले से किए गए जानलेवा वार के बाद युवक की हालत इतनी बिगड़ी कि मेडिकल कॉलेज पहुंचने से पहले ही उसने दम तोड़ दिया।

मृतक बलराम उर्फ बालादीन अहिरवार पिता लच्छुआ अहिरवार उम्र 23 वर्ष, ग्राम मतोली थाना कोतवाली का निवासी था। परिजनों के अनुसार गांव में चल रहे क्रिकेट मैच के दौरान खेल को लेकर विवाद हुआ था। पहले कहासुनी हुई, फिर गाली-गलौज शुरू हो गई और देखते ही देखते मामला मारपीट तक पहुंच गया। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक विवाद के दौरान विकास अहिरवार ने गुस्से में आकर बलराम के सिर पर क्रिकेट का बल्ला दे मारा। सिर पर जोरदार चोट लगते ही बलराम जमीन पर गिर पड़ा और बेहोश हो गया। मौके पर मौजूद लोग कुछ समझ पाते, इससे पहले ही स्थिति बेकाबू हो चुकी थी। घटना की सूचना 112 पर दी गई, जिसके बाद पुलिस वाहन से घायल को तत्काल जिला अस्पताल टीकमगढ़ पहुंचाया गया।

डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद युवक की गंभीर हालत को देखते हुए उसे झांसी मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। लेकिन किस्मत को कुछ और ही मंजूर था। झांसी ले जाते समय ओरछा तिगैला के पास युवक की हालत और बिगड़ गई और रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। युवक की मौत की खबर जैसे ही गांव पहुंची, पूरे मतोली गांव में मातम पसर गया। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। मां-बाप बेसुध हैं और गांव में आक्रोश का माहौल है। ग्रामीणों का कहना है कि अगर समय रहते विवाद को रोका गया होता तो आज एक नौजवान की जान बच सकती थी।

वही कोतवाली थाना प्रभारी ब्रजेन्द्र घोष ने बताया कि रविवार सुबह करीब 8:30 बजे ग्राम मतोली की गौशाला के पास बने मैदान में क्रिकेट खेला जा रहा था। इसी दौरान बलराम उर्फ बालादीन अहिरवार का विकास अहिरवार एवं एक नाबालिक के साथ विवाद हो गया। विवाद के दौरान सिर पर क्रिकेट के बल्ले से वार किया गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और आरोपियों की तलाश एवं पूरे घटनाक्रम की गहन जांच की जा रही है। नाबालिक की भूमिका को लेकर भी नियमानुसार कार्रवाई की जा रही है। फिलहाल पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। यह घटना एक बार फिर सवाल खड़े करती है कि खेल, जो भाईचारे और मनोरंजन का माध्यम होना चाहिए, कैसे गुस्से और हिंसा का शिकार बनकर जानलेवा साबित हो रहा है।

# वनस्पति शास्त्र विषय में निधि को मिली पीएचडी की उपाधि

**जागरण,छतरपुर।** महाराजा छत्रसाल बुंदेलखंड विश्वविद्यालय, छतरपुर द्वारा पीएचडी उपाधि प्रदान किए जाने की अधिसूचना जारी की गई है। यह उपाधि विश्वविद्यालय अनुदान आयोग यूजीसी के नियम 2009 एवं 2016 तथा विश्वविद्यालय अध्यादेश-11 के प्रावधानों के तहत प्रदान की गई है। शोध प्रबंध और वाइवा-वोस परीक्षा में नियुक्त परीक्षकों की मूल्यांकन रिपोर्ट के आधार पर कुलगुरु द्वारा उपाधि स्वीकृत की गई। कानपुर निवासी निधि को वनस्पतिशास्त्र विषय में पीएचडी की उपाधि प्रदान की गई है। उन्होंने छतरपुर जिले में महिलाओं में होने वाले रोगों में मुन्गा पेड़ के विभिन्न भागों के उपयोग एवं उपचार विषय पर अपना शोध कार्य पूर्ण किया। निधि के शोध निर्देशक डॉ. पुष्पेन्द्र कुमार खरे, प्रोफेसर वनस्पति शास्त्र, महाराजा छत्रसाल बुंदेलखंड विश्वविद्यालय, छतरपुर रहे। शोध में छतरपुर जिले के चार ब्लाक छतरपुर,बिजावर, बड़ामलहरा एवं बक्स्वाहा में उम्र के अनुसार बच्चों एवं महिलाओं में मिलने वाले रोगों में मोरिंगा अर्थात मुन्गां के विभिन्न भागों के उपयोग द्वारा उपचार का विश्लेषण किया गया है। पीएचडी उपाधि मिलने पर परिजनों, मित्रों एवं वनस्पति विज्ञान के प्रध्यापकों ने बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# बगैर हेलमेट वाले वाहन चालकों के काटे चालान

**जागरण,घुवारा ।** अनुभाग के पुलिस चौकी घुवारा के सामने वाहन चेकिंग प्वाइंट बना कर दो पहिया एवं चार पहिया वाहनों की सख्ती से चेकिंग की है जिसमे बगैर हेलमेट और बिना सीट बेल्ट पहनने वाले वाहन चालकों के चालान काटे गए साथ ही जो हेलमेट लगाकर सफर करते हुए चालक मिले है उनका फूल देकर उनका अभिवादन किया है। टीआई कृपाल मार्को ने बताया है कि हमारे पुलिस अधीक्षक अगम जैन जी के द्वारा यह अभियान सम्पूर्ण जिला में चलाया जा रहा है चेकिंग के दौरान कई वाहनों के चालान काटे गए और संदिग्धों की तलाशी ली गई। यह अभियान कानून व्यवस्था बनाए रखने और अपराधों पर अंकुश लगाने के लिए चलाया गया था।

# खेलो एमपी यूथ के ब्लॉक स्तरीय चयन स्पर्धा में दिखाया रंग

**जागरण,पलेरा।** मध्य प्रदेश शासन के निर्देशानुसार खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा आयोजित 'खेलो एमपी यूथ गेम्स' के प्रथम चरण में ब्लॉक स्तरीय चयन स्पर्धा का भव्य आयोजन स्थानीय रामराजा स्टेडियम में किया गया। इस प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण और ब्लॉक स्तर की खेल प्रतिभाओं को निखार कर आगे लाना है। ब्लॉक समन्वयक हसरुद्दीन खान ने जानकारी देते हुए बताया कि मध्य प्रदेश शासन द्वारा खेल संघों के सहयोग से इन खेलों का आयोजन 12 जनवरी से 31 जनवरी 2026 के मध्य किया जा रहा है। इसी क्रम में पलेरा के रामराजा स्टेडियम में आयोजित स्पर्धा में विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने पूरे उत्साह के साथ भाग लिया।



**इन विधाओं में हुआ प्रदर्शन:** चयन स्पर्धा के दौरान क्रिकेट, बैडमिंटन, एथलेटिक्स, खो-खो, कबड्डी, योगा और कुश्ती (तुरली) जैसी विभिन्न खेल विधाओं में खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। यहाँ बेहतर प्रदर्शन करने वाले प्रतिभावान खिलाड़ियों का चयन जिला स्तरीय प्रतियोगिता के लिए किया गया है, जहाँ वे पलेरा ब्लॉक का प्रतिनिधित्व करेंगे।

### इनका रहा विशेष सहयोग

कार्यक्रम को सफल बनाने में शासकीय मॉडल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पलेरा के प्राचार्य श्री कौशल किशोर राजपूत का महत्वपूर्ण मार्गदर्शन रहा। साथ ही खेल आयोजन में श्री शैलेन्द्र राय, श्रीमती गोमती खटीक, श्री अमित अहिरवार, श्री रामसिंह राजपूत, श्री आर.एल. विश्वकर्मा, रियाज खान, इकरार खान और रानू ठाकुर का विशेष सहयोग रहा।

ब्लॉक स्तर पर चयनित खिलाड़ी अब आगामी जिला स्तरीय स्पर्धाओं में अपनी चुनौती पेश करेंगे। खेल विभाग के इस प्रयास की क्षेत्र के खेल प्रेमियों ने सराहना की है।

# जगह जगह हुए हिंदू सम्मेलन, बड़ी संख्या में लोग हुए सम्मिलित

**जागरण, सिरोंज।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के 100 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में जगह-जगह हिंदू जागरण के भाव के साथ हिंदू सम्मेलनों का आयोजन किया है। नगर की सुभाष बस्ती वार्ड 3,4,5, और 6 का मंगल भवन में वार्ड 17, 18 का भैरों पठार, पथरिया खंड के मंडल दीपनखेड़ा में मां बिजासन मंदिर प्रगाढ़ में प्याराखेड़ी में देवपुर खंड के भोरिया मंडल का कोरबासा में विशाल हिंदू सम्मेलन का कार्यक्रम आयोजित किया। जिसमें सभी हिंदू परिवारों ने बढ़ चढ़कर सहभागिता की। कलश यात्रा यात्रा निकली गई एवं समरसता भोज का आयोजन किया। मंडल दीपनाखेड़ा ने अतिथियों में महंतश्री श्री 108 श्री नारायणदास महाराज, करीला धाम श्रीश्री 108 श्री भरतदास महाराज बुढ़ाना श्री राधे महाराज कथावाचक खजुरिया एवं वंदना यादव, विद्यार्थी परिषद प्रांत कर समिति सदस्य एवं विदिशा विभाग छात्रा प्रमुख एवं मुख्य वक्ता के रूप में राजकुमार आरएसएस प्रचारक एवं प्रांत विद्यार्थी कार्य प्रमुख उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन नरेश रघुवंशी ने किया। मंगल भवन पहुंचकर सभी ने मंचीय कार्यक्रम में सहभागिता की। जिसमें बच्चों ने सुंदर प्रस्तुतियां दीं। कार्यक्रम में टेकरी सरकार के रघुवीरपुरी जी महाराज, राष्ट्रसेविका समिति की नगर संयोजक श्रीमती अर्चना चौहान के साथ अहिरवार समाज के धर्म गुरु नर्मदा प्रसाद प्रभाकर मुख्य रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने जाति पाती का भेद समाप्त कर हिंदू एकता का संदेश दिया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता संघ के जिला कार्यवाह हरिनारायण अहिरवार ने संघ के 100 साल की यात्रा और समाज को प्रदत्त पंच परिवर्तन से सबको अवगत कराया। भारत माता की आरती के बाद समरस भोज का आयोजन हुआ जिसमें सभी वर्ग के लगभग 1200 लोगों ने एक साथ बैठकर भोजन किया।

### सम्मेलन में तीन जिलों के विधायक, प्रशासनिक अधिकारी सहित राष्ट्रीय, प्रदेश कार्यकारिणी के साथ जिले भर के रघुवंशी रहेगें मौजूद

# व्यापक तैयारियों के साथ रघुवंशी समाज की जिला स्तरीय बैठक में हुए कई निर्णय

**जागरण, गंजबासौदा।**

रघुवंशी समाज द्वारा 1 फरवरी को विदिशा के शहनाई गार्डन में आयोजित किए जा रहे जिला स्तरीय युवक-युवती परिचय सम्मेलन एवं करियर काउंसलिंग कार्यशाला को लेकर रविवार को रघुवंशी धर्मशाला में एक महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई। बैठक में बड़ी संख्या में जिले भर से आए समाज के वरिष्ठजनों, पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने आयोजन की रूपरेखा, व्यवस्थाओं और सफल संचालन को लेकर विस्तार से चर्चा की।

बैठक में निर्णय लिया गया कि आयोजन को सुव्यवस्थित एवं सफल बनाने के लिए आठ प्रमुख समितियों का गठन किया गया है। इनमें स्वागत समिति, परिचय सम्मेलन समिति, महिला मंडल समिति, भोजन व्यवस्था समिति, मंच संचालन समिति, बाहर से आने वाले अतिथियों के लिए स्वागत समिति, करियर काउंसलिंग पंजीयन समिति तथा परिचय पंजीयन समिति शामिल हैं। सभी समितियों को अलग-अलग दायित्व सौंपते हुए जिम्मेदारी सुनिश्चित की गई है। सम्मेलन सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक आयोजित होगा।

मालूम हो कि विदिशा रघुवंशी समाज की जिला इकाई द्वारा आयोजित होने जा रहा यह परिचय सम्मेलन पहली बार जिले में आयोजित किया जा रहा है। रघुवंशी समाज के जिला अध्यक्ष मोहर सिंह रघुवंशी ने बताया कि सम्मेलन में जिले भर से 1000 स्वजातीय बंधुओं को शामिल होने के लिए आमंत्रित किया गया है। यह आयोजन समाज में संस्कार आधारित विवाह व्यवस्था और युवा सशक्तिकरण की दिशा में एक दूरदर्शी पहल है। समाज के युवाओं के उज्ज्वल भविष्य और आदर्श विवाह व्यवस्था को सशक्त करने की दिशा में रघुवंशी समाज विदिशा ने एक महत्वपूर्ण और ऐतिहासिक कदम उठाया है। बैठक के दौरान जिला अध्यक्ष मोहर सिंह ने समाज जनों को जानकारी दी कि सम्मेलन में जिले के साथ-साथ प्रदेश के अन्य जिलों से बड़ी संख्या में समाजजनों की सहभागिता को देखते हुए आयोजन स्थल में परिवर्तन किया गया है। अब यह सम्मेलन रघुवंशी धर्मशाला में आयोजित ना होते हुए परिवर्तित स्थान शहनाई गार्डन में संपन्न होगा। परिचय सम्मेलन में भाग लेने वाले समाजजनों के लिए भोजन व्यवस्था आयोजन स्थल पर ही सुनिश्चित की गई है, जिसमें महिला एवं पुरुष वर्ग के लिए अलग-अलग व्यवस्था रहेगी। बैठक को संबोधित करते हुए जिला रघुवंशी समाज के अध्यक्ष मोहर सिंह रघुवंशी ने सम्मेलन की तैयारियों पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए बताया कि इस आयोजन में छिंदवाड़ा जिले की चौरई तहसील के रघुवंशी समाज के विधायक सुजीत सिंह चौधरी, चंदेरी विधायक जगन्नाथ सिंह रघुवंशी शिवम



गंजबासौदा ग्यारसपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक हरिसिंह रघुवंशी सहित जिले के अन्य जनप्रतिनिधि एवं समाज की राष्ट्रीय एवं प्रदेश कार्यकारिणी के अलावा समाज के प्रतिभाशाली प्रशासनिक अधिकारी के अलावा युवाओं के रोल मॉडल समाज जन भी अतिथि के रूप में सम्मेलन की शोभा बढ़ाएंगे। बैठक में विदिशा के अलावा जिले की अन्य तहसीलों से भी समाज जन बड़ी संख्या में बैठक में सम्मिलित हुए।

**करियर काउंसलिंग के लिए 200 ने कराया पंजीयन:** बैठक में जानकारी दी गई कि पहली बार आयोजित हो रहे इस युवक-युवती परिचय सम्मेलन को लेकर समाज में विशेष उत्साह देखने को मिल रहा है। जिले के अलावा अन्य जिलों से भी बड़ी संख्या में आवेदन प्राप्त हो रहे हैं। अब तक 200 से अधिक पंजीयन हो चुके हैं और आयोजन तिथि तक यह संख्या और बढ़ने की संभावना है। रघुवंशी समाज के प्रदेश अध्यक्ष प्रहलाद सिंह रघुवंशी ने कहा कि विदिशा जिले में पहली बार आयोजित हो रहा यह परिचय सम्मेलन एवं करियर काउंसलिंग कार्यशाला समाज की प्रतिभाओं के लिए मील का पत्थर साबित होगा। यह आयोजन न केवल युवाओं के भविष्य को दिशा देगा।

# मृतकों को दो लाख एवं घायलों को 50 हजार की सहायता राशि हुई जारी

**जागरण, सिरोंज।**

मकर संक्रांति पर्व पर होशंगाबाद में नर्मदा स्नान के लिए पिकअप वाहन से जा रहे श्रद्धालुओं का बीती 14 जनवरी की रात को सरस्वती विद्या बिहार संस्थान बैरसिया के पास में हुए एक्सीडेंट में मृतकों एवं घायलों के लिए मप्र सरकार के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने विधायक उमाकांत शर्मा की मांग एवं अनुशंसा पर सहायता राशि प्रदान करने के आदेश जारी किए हैं। जिसमें मृतकों के परिजनों को 2-2 लाख रुपए एवं गंभीर रूप से घायलों को 50 हजार रुपए की आर्थिक सहायता प्रदान की जाएगी। ज्ञात हो कि पर्व स्नान के लिए सिरोंज-लटेरी क्षेत्र के लोग सामूहिक रूप से एक लोडिंग पिकअप वाहन से देर शाम होशंगाबाद के लिए निकले थे। सिरोंज से करीब 65 किमी दूर बैरसिया के पास एक अन्य वाहन से भिड़ंत में पिकअप वाहन में सवार व्यक्तियों में से 5 ने मौके पर ही दम तोड़ दिया था जबकि दस व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हुए थे। घटना की जानकारी लगने पर सिरोंज लटेरी क्षेत्र के विधायक उमाकांत शर्मा तत्काल रूप से मुख्यमंत्री, प्रभारी मंत्री सहित भोपाल, विदिशा कलेक्टर एवं स्थानीय प्रशासन को अवगत करते हुए राहत एवं उपचार की सहायता उपलब्ध करवाई थी एवं मुख्यमंत्री स्वेच्छनुदान से पीड़ित परिवारों को आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत करवाने का अनुरोध किया था। घटना के दो दिन बाद प्रशासन ने विधायक शर्मा की अनुशंसा पर मृतकों को दो लाख एवं घायलों को 50 हजार प्रति व्यक्ति के मान से कुल पंद्रह लाख रुपए की राशि का आवंटन पीड़ित परिजनों को किया है।

# लटेरी खंड में हुआ विशाल हिंदू सम्मेलन मातृशक्ति ने निभाई महत्वपूर्ण भूमिका



### सम्पूर्ण भारत वर्ष में चल रहे हिंदू सम्मेलन

**जागरण, लटेरी।**

जिला बासौदा के खंड लटेरी के उनारसी मंडल में रविवार को हिंदू सम्मेलन आयोजित हुआ। जिसमें उनारसी के हिंदू समाज के लोग एवं मातृशक्ति उपस्थित रही। कार्यक्रम उनारसी के रामजानकी मंदिर से कलश यात्रा प्रारंभ होकर नगर के मुख्य मार्गो से होती हुई कार्यक्रम स्थल पर पहुंची। मुख्य वक्ता के रूप में बृज किशोर भार्गव ग्राम विकास के प्रांत प्रचारक सेवा प्रमुख सत्यनारायण गिरी उपस्थित रहे। भारत माता के चित्र के सामने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम समस्त हिन्दू समाज एवं समस्त मातृशक्ति का आव्हान करते हुए कहा कि हिंदू संस्कृति का मुख्य आधार हमारी कुटुंब व्यवस्था थी, जिसके कारण हमारी कई समस्याएं खुद ही समाप्त हो जाती थी, किंतु आज हमारा परिवार एक इकाई के रूप में एकांकी होता जा रहा है। कई परिवार टूटते जा रहा है, एक मात्र मातृशक्ति ही अपने प्रयास से हिंदू समाज को एक करने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाकर हिंदू समाज को संगठित कर सकती है। हिंदू की परिभाषा बतलाते हुए, हिंदुओं को संगठित रहने का आव्हान किया तथा पंच परिवर्तन के बारे में बताते हुए पर्यावरण संरक्षण, कुटुंब प्रबोधन, नागरिक शिष्टाचार एवं सामाजिक समरसता एवं स्व का भाव जागृत करते हुए हिंदू समाज को अपने जीवन में लाने का आग्रह किया।

### जात पात की करो विदाई का संदेश दिया

इसके बाद तत्पश्चात हवन में पूर्णाहुति दी गई तत्पश्चात भारत माता की आरती के बाद कार्यक्रम का समापन हुआ, फिर समस्त हिन्दू समाज द्वारा सहभोज किया गया।

# लायंस क्लब करेगा 200 रुपए में 6 दिन तक बीमारी का इलाज



**जागरण, गंजबासौदा।** लायंस क्लब द्वारा रघुवंशी धर्मशाला में एक्यूप्रेशर, काइरोप्रेक्टिक, मसाज, एवं मैग्नेटिक फिजियोथेरेपी 6 दिवसीय कैंप का शुभारंभ हुआ। लायंस क्लब गंज बासौदा द्वारा रघुवंशी धर्मशाला में एक्यूप्रेशर, काइरोप्रेक्टिक, मसाज, एवं मैग्नेटिक फिजियोथेरेपी 6 दिवसीय कैंप का शुभारंभ जिला पंचायत सदस्य गायत्री रघुवंशी, विधायक प्रतिनिधि देवेंद्र सिंह रघुवंशी की उपस्थिति में किया। लायंस क्लब अध्यक्ष विजय अरोरा ने बताया कि मानव सेवा ही सबसे बड़ा धर्म है को चरितार्थ करते हुए क्लब द्वारा आज 6 दिवसीय फिजियोथेरेपी कैंप का शुभारंभ किया गया। जिसमें जोधपुर के डॉ. वीआर चौधरी और डॉ. देवाराम जाखड़ अपनी सेवाएं दे रहे है। उक्त शिविर में 200 रुपए रजिस्ट्रेशन फीस में मरीज का 6 दिन तक विभिन्न बीमारियों का इलाज किया जाएगा। वही डॉ. वीआर चौधरी ने बताया कि आज शुभारंभ अवसर पर 36 मरीजों ने अपना रजिस्ट्रेशन कराकर शिविर का लाभ लिया है। जो 18 से 23 जनवरी तक प्रातः 9 से 1 बजे तक और दोपहर 3 से 7.30 बजे तक चलेगा। उक्त शिविर में समाजसेवी गणेश राम रघुवंशी, महेंद्र सिंह सूर्यवंशी, दीपक तिवारी, अमित श्रीवास्तव सहित अनेक लोग उपस्थित थे।

# विराट हिंदू सम्मेलन को लेकर घर-घर बांटे पीले चावल और पत्रक



**जागरण, गंजबासौदा।**

नगर में 20 जनवरी को तारण तरण पाठशाला मैदान में होने वाले विराट हिंदू सम्मेलन एवं संत समागम को लेकर अभूतपूर्व उत्साह देखने को मिल रहा है। सकल हिंदू समाज के तत्वाधान में आयोजित इस ऐतिहासिक आयोजन को सफल बनाने के लिए नगरभर में व्यापक जनसंपर्क अभियान चलाया जा रहा है। इसी तारतम्य में वार्ड क्रमांक 8 की विभिन्न बस्तियों में घर-घर जाकर पीले चावल एवं पत्रक वितरित कर नागरिकों को सम्मेलन, कलश यात्रा एवं विशाल भंडारे में शामिल होने का आमंत्रण दिया जा रहा है। जनसंपर्क अभियान में विधायक हरिसिंह रघुवंशी, पार्षद प्रतिनिधि राजू ठाकुर, नगर पालिका उपाध्यक्ष संदीप ठाकुर सहित वार्ड के अनेक गणमान्य नागरिक सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। जनप्रतिनिधि स्वयं बस्तियों में पहुंचकर समाजजनों से संवाद कर रहे हैं और अधिक से अधिक संख्या में सम्मेलन में पहुंचने का आह्वान कर रहे हैं।

ज्ञात हो कि इस विराट हिंदू सम्मेलन में सनातन धर्म की प्रमुख पीठ रामानंदाचार्य संप्रदाय के जगद्गुरु एवं काशी पीठाधीश्वर डॉ. राम कमलाचार्य वेदांती जी धर्मसभा को संबोधित करेंगे। हाल ही में संपन्न भूमिपूजन कार्यक्रम के दौरान संत समाज एवं धर्माचार्यों ने सम्मेलन में 50 हजार से अधिक हिंदुओं की सहभागिता का लक्ष्य रखा है। आयोजकों का कहना है कि यह सम्मेलन सनातन संस्कृति के संरक्षण, सामाजिक एकता और धार्मिक चेतना को सुदृढ़ करने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम होगा। नगरवासियों में सम्मेलन को लेकर उत्साह का माहौल है और इसे अब तक के सबसे बड़े धार्मिक आयोजनों में से एक माना जा रहा है। इस अभियान में वीरेंद्र रघुवंशी, राम रतन सेन, भगवान सिंह दद्दू, रवि भावसार, सचिन आचार्य, तरवर कुशवाह, आशीष रघुवंशी, अखिलेश पंथी, विशाल दांगी, रानू मालवीय, संजय सिलावट, यशु पटवा, अनुज डागा, सतीश पंथी सहित कई गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

# ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन के चुनाव: जजविंदर फिर चुने गए अध्यक्ष

## अन्य पदों के लिए भी हुआ निर्वाचन, विजयी प्रत्याशियों का भव्य स्वागत, निर्वाचित अध्यक्ष की पहली प्राथमिकता शहर में बने ट्रांसपोर्ट नगर

जागरण विदिशा

विदिशा ट्रक एवं ट्रांसपोर्ट ऑपरेटर्स एसोसिएशन के द्विवार्षिक चुनाव सत्र 2026-28 शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं लोकतांत्रिक वातावरण में सफलतापूर्वक संपन्न हुए। चुनाव में संगठन के सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। चुनाव में कुल 85 मतदाताओं में से 79 सदस्यों ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। घोषित परिणामों के अनुसार अध्यक्ष पद पर जजविंदर सिंह संधू ने नितिन गुप्ता को पराजित करते हुए 79 मतों के साथ 6 मतों से विजय प्राप्त की। उपाध्यक्ष पद पर सोनू यादव ने महाराज सिंह राजपूत के विरुद्ध 63 के मुकाबले 31 मत प्राप्त कर 32 मतों से जीत दर्ज की। सचिव पद पर रितेश जैन बोहरा ने नितिन गुप्ता को 67 के मुकाबले 25 मतों से पराजित कर 42 मतों से विजय हासिल की। कोषाध्यक्ष पद पर हेमंत मूले ने भूरे सिंह यादव के विरुद्ध 72 के मुकाबले 22 मत प्राप्त कर 50 मतों से शानदार जीत दर्ज की। सह.सचिव पद पर शरद बंसल को निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया गया।

नव-निर्वाचित पदाधिकारियों का संगठन के सदस्यों द्वारा पुष्पमालाओं से स्वागत किया गया। सभी निर्वाचित प्रतिनिधियों ने ट्रांसपोर्ट व्यवसाय से जुड़ी समस्याओं के समाधान एवं संगठन को और अधिक सशक्त बनाने के लिए प्रतिबद्धता व्यक्त की। एसोसिएशन के सभी सदस्यों एवं पदाधिकारियों ने शांतिपूर्ण, निर्विवाद एवं पारदर्शी चुनाव संपन्न कराने के लिए चुनाव अधिकारी एडवोकेट शिव नारायण शर्मा एवं एडवोकेट धर्मेंद्र सिंघल का आभार व्यक्त किया।



### वर्षों पुरानी ट्रांसपोर्ट नगर की कमी को दूर करने का प्रयास करेंगे: संधू

निर्वाचित अध्यक्ष जजविंदर सिंह संधू ने कहा कि शहर में ट्रांसपोर्ट नगर की कमी वर्षों से खल रही है। इसकी पूर्ति के हर संभव प्रयास किए जाएंगे। वर्तमान में ट्रांसपोर्ट यूनियन का अपना ट्रांसपोर्ट नगर है, लेकिन शहर में सर्वसुविधायुक्त ट्रांसपोर्ट नगर की आवश्यकता है। इसकी कमी के कारण बाहर से आने वाले ट्रकों के चालकों को परेशान होना पड़ता है। शहर में यहां-वहां सड़कों के किनारे ट्रक खड़े होने से समस्याएं भी आती हैं। उनका कहना है कि जिला प्रशासन शहर में कहीं भी ट्रांसपोर्ट नगर के लिए जमीन उपलब्ध करा दे और इसका निर्माण कराए। हम इस कार्य में अपने स्तर पर हर संभव सहयोग करेंगे।

## न्यूज कार्नर

### कथा सुनना ही नहीं जीवन में उतारना भी जरूरी: अभिषेक शास्त्री

**शमशाबाद।** बाबा रामदेव मंदिर परिसर में आयोजित संगीतमयी शिव महापुराण कथा के दौरान भारत राष्ट्र गौरव से सम्मानित भगवताचार्य एवं ज्योतिषाचार्य डॉ. अभिषेक कृष्ण शास्त्री ने कहा कि शिव महापुराण केवल धार्मिक ग्रंथ नहीं, बल्कि मानव जीवन को आध्यात्मिक ऊँचाई तक ले जाने वाला मार्गदर्शक है। उन्होंने कहा कि कथा सुनने मात्र से उसका पूर्ण फल प्राप्त नहीं होता, जब तक उसके उपदेशों को अपने दैनिक जीवन में अपनाया न जाए। यदि मनुष्य के जीवन में झूठ प्रवेश कर जाता है, तो उसके साथ ही शरीर और मन में अनेक अवगुण स्वतः जन्म ले लेते हैं। कथावाचन के दौरान भगवान शिव की लीलाओं, ज्ञान और भक्ति का भावपूर्ण वर्णन किया गया। संगीतमयी प्रस्तुति के कारण पूरा वातावरण शिवमय हो गया। कथा में मुख्य यजमान डॉ. विजय सक्सेना भोपाल, प्रकाश आर्य ने शिव महापुराण की पूजा अर्चना की, भागवत चिंतन मिशन विदिशा के कार्यकर्ताओं ने कथा में पहुंच कर आशीर्वाद लिया।

### जैन समाज ने मनाया वेदी प्रतिष्ठा महोत्सव



**शमशाबाद।** नगर में जैन समाज द्वारा वार्षिक वेदी प्रतिष्ठा महोत्सव श्रद्धा एवं भक्तिभाव के साथ मनाया गया। प्रातः भगवान के अभिषेक के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर श्री 1008 चंद्रप्रभ भगवान का महामस्तकाभिषेक, शांतिधारा, नित्य पूजन एवं श्री बड़े बाबा विधान विधिपूर्वक संपन्न किए गए। इसके उपरांत श्रीजी की भव्य शोभायात्रा नगर के प्रमुख मार्गों से निकाली गई। शोभायात्रा का नगरवासियों द्वारा जगह-जगह पुष्पवर्षा एवं आरती कर स्वागत किया गया। शोभायात्रा में भोपाल नेमीनगर से पधारे नेमीनगर सेवादल द्वारा दिव्यघोष की आकर्षक प्रस्तुति दी गई, जिससे वातावरण धर्ममय हो गया। मंदिर परिसर में देर रात तक भजन.कीर्तन हुए तथा समाजजनों के लिए सहभोज का आयोजन भी किया गया। महोत्सव में बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

### मध्यप्रदेश बालिका टीम मणिपुर रवाना

**विदिशा।** खेल के मैदानों से राष्ट्रीय क्षितिज पर चमकने के लिए विदिशा की खेल धरा से एक और बढ़ी उड़ान भरी गई है। 69वीं राष्ट्रीय फुटबॉल प्रतियोगिता अंडर.19 में प्रदेश का प्रतिनिधित्व करने के लिए मध्य प्रदेश की 18 सदस्यीय बालिका टीम इंफाल, मणिपुर के लिए रवाना हो गई है। टीम की रवानगी के अवसर पर विदिशा रेलवे स्टेशन पर उत्साह का माहौल रहा। जिला शिक्षा अधिकारी शिशुपाल सिंह जाटव सहित शिक्षा और खेल विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों ने खिलाड़ियों का फूलों से स्वागत किया और उन्हें प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर प्रदेश का नाम रोशन करने की शुभकामनाएं दीं। अधिकारियों ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि विदिशा में तैयार हुई यह टीम मणिपुर के मैदानों पर अपनी तकनीक और अनुशासन का लोहा मनवाएगी। फुटबॉल कोच रविकांत नामदेव के कुशल मार्गदर्शन और विशेष प्रशिक्षण सत्रों में बालिकाओं ने अपनी रणनीतियों और फिटनेस को धार दी है।

### केंद्रीय मंत्री गडकरी एवं मुख्यमंत्री डॉ. यादव के समक्ष मंच से उठी आवाज

# शहर विकास की कड़ी में अब आधुनिक बस स्टैंड के निर्माण की कवायद होगी शुरू

जागरण विदिशा

शहर के विकास अब जनप्रतिनिधियों की चिंता का भी मुख्य विषय बनता जा रहा है। एक दिन पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव एवं केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी के समक्ष शहर विकास की फिल्म का प्रदर्शन तो हुआ और विकास कार्यों को मुख्यमंत्री द्वारा सराहा भी गया, लेकिन मंच से विदिशा के बस स्टैंड के जीर्णोद्धार की आवाज भी उठी। दरअसल शहर में मेडिकल कॉलेज, आडिटोरियम, खेल स्टेडियम, जिला अस्पताल का नया भवन और अब रेलवे स्टेशन भी आधुनिकीकरण की ओर बढ़ रहा लेकिन यहां का बस स्टैंड हर कदम पर तकलीफदेह साबित होने लगा है।

मालूम हो कि शहर का यह बस स्टैंड करीब 25 वर्ष पुराना है। दो मंजिला यह बस स्टैंड सिर्फ नाम का है और इन बीते वर्षों में सुविधाएं बढ़ना तो दूर जो सुविधाएं थी वह बुनियादी जरूरतें भी अब बस स्टैंड पर नहीं रही। दो दशक में यात्री बसों की संख्या बढ़ी, यात्रियों की संख्या बढ़ी और बस स्टैंड सिमटता चला गया। परिसर में न तो बसों को व्यवस्थित खड़ी करने के लिए स्थान बच पा रहा न ही यात्रियों को बैठने एवं बसों तक आसानी से पहुंचने का स्थान मिल पा रहा। सभी कुछ अव्यवस्थित। यहां तक यात्री प्रतीक्षालय भी महिला पुरुष प्रसाधनों की स्थिति तक ठीक नहीं और यह सभी स्थिति ऐसे में है जबकि बस स्टैंड के पास पर्याप्त स्थान है पर वर्षों बाद भी बस स्टैंड व्यवस्थित नहीं हो पाया है और अब शनिवार को हुए मुख्यमंत्री व केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी के कार्यक्रम में स्वयं केंद्रीय कृषि मंत्री व सांसद शिवराजसिंह चौहान ने मंच से बस स्टैंड के जीर्णोद्धार के लिए मंत्रियों से आग्रह किया। इसके अलावा अन्य प्रमुख मांगें भी उन्होंने अपने इस संसदीय क्षेत्र के लिए उठाई।



### अकेला बस स्टैंड होने से यह बनाते हैं हालात

जानकारों के मुताबिक यह पुराना बस स्टैंड पिछले दो दशकों से शहर के मध्य संचालित हो रहा है जहां हर दिन करीब 200 यात्री बसों का आना जाना होता है और हर दिन करीब 5000 यात्री यात्रा करते हैं। करीब ढाई लाख की आबादी और करीब 15 किलोमीटर तक फैले इस शहर के क्षेत्र के कारण लोगों को बस स्टैंड पर आने के लिए ऑटो आदि वाहन में अधिक राशि खर्च करना पड़ती है वही यहां से भोपाल, सागर, अशोकनगर, गुना, गैरतगंज, शमशाबाद, नटेरन, बासौदा, सिरोंज के अलावा अन्य स्थानों के लिए बसों का आना जाना होता है। इससे बस स्टैंड पर यात्रियों की काफी भीड़ भी रहती है और यह यात्री बसें शहर की व्यस्तम सड़कों से होकर गुजरती है।

### 16 बीघा में 15 करोड़ का बस स्टैंड था प्रस्तावित

गुठान क्षेत्र में यह नया बस स्टैंड 16 बीघा में करीब 15 करोड़ से निर्मित होना प्रस्तावित था, लेकिन बाद में यह जमीन सांदपनी सीएम राइज स्कूल के लिए तय लेकिन इस जमीन को स्कूल भवन के लिए अनुपयोगी मान लेने के बाद न तो बस स्टैंड बन पाया न ही स्कूल। वहीं लाइन पार क्षेत्र के लिए भी वर्षों बाद जमीन चिन्हित नहीं की जा सकी। अब यह कमी न केवल यात्रियों को खलने वाली है बल्कि जनप्रतिनिधियों को भी इस कमी का अहसास होने लगा है। जानकारों की मानें तो स्थानीय वर्तमान बस स्टैंड के पास ही इतनी अधिक जगह है कि वहां आधुनिक बस स्टैंड का निर्माण किया जाना संभव है और बस स्टैंड को और अधिक बेहतर स्वरूप देना है तो समीप की सब्जी मंडी को भी किसी बेहतर स्थान पर शिफ्ट कर यह स्थान भी अगर उपयोग कर लिया जाए तो बस स्टैंड के लिए काफी स्थान है, लेकिन पिछले कई वर्षों से सिर्फ कवायद ही चलती रही काम नहीं हो पाया।

### शहर में नए बस स्टैंड का मामला कई वर्षों से अटका

शहर में पुराने बस स्टैंड जीर्णोद्धार के साथ ही नए बस स्टैंड के संचालन की भी जरूरत महसूस की जा रही इसके लिए सिटी बस सेवा की योजना के तहत कुछ वर्ष पूर्व शहर में दो नए बस स्टैंड के निर्माण कार्य की तैयारी की गई थी। इसके तहत दो बस स्टैंड बनाने की कवायद चली जिसमें एक बस स्टैंड के लिए गुठान पर स्थान तय किया गया था। वहीं दूसरा बस स्टैंड लाइन पार बनाए जाने का प्लान था, लेकिन दो में से एक भी स्थान पर वर्षों बाद भी बस स्टैंड नहीं बन सके है और शहर के विस्तार के साथ ही सार्वजनिक यात्री सेवाओं की बढ़ती दूरी लोगों की तकलीफ को बढ़ाए हुए हैं।

### इनका कहना है



शहर में काफी बेहतर एवं आधुनिक बस स्टैंड का निर्माण हो इसके लिए सतत प्रयास जारी है। यह कार्य हमारी प्राथमिकता में है। इसके अलावा भी एक अन्य बस स्टैंड रेलवे लाइन पार क्षेत्र में बनाया जाना है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव एवं केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी के समक्ष बस स्टैंड सहित अन्य प्रमुख मांगों का रखा गया है। केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराजसिंह चौहान भी इन मांगों के प्रति गंभीर है और यह कार्य प्रमुखता से किए जाएंगे।

**मुकेश टंडन,**
**विधायक ,विदिशा**

### शमशाबाद विस में पहुंची किसान जन आंदोलन यात्रा

जागरण विदिशा

मध्य प्रदेश कांग्रेस द्वारा प्रदेशव्यापी किसान जन आंदोलन यात्रा के तहत जिले के विदिशा एवं शमशाबाद विधानसभा क्षेत्र के ब्लॉक करारिया एवं खामखेड़ा से यात्रा का शुभारंभ हुआ। यह यात्रा ग्राम सुनपुरा उदयगिरी जंबार बागरी जाफरखेड़ी, छीरखेड़ा खमतला, बिलौरी, करैया हाट से होते हुए खामखेड़ा तक पहुंची। जहां सैकड़ों किसानों और कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। यात्रा में किसानों ने बढ़ती खेती लागत के बीच फसलों के उचित समर्थन मूल्य की जोरदार मांग उठाई। किसान कांग्रेस के जिलाध्यक्ष विनीत दांगी ने किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि इस यात्रा का उद्देश्य किसानों की प्रमुख मांगे हैं जिनमें मुख्य रूप से गेहूं के समर्थन मूल्य 4000 प्रति क्विंटल धान का समर्थन मूल्य 4000 प्रति क्विंटल, सोयाबीन का समर्थन मूल्य 6000 प्रति क्विंटल, मक्का की समर्थन मूल्य पर अनिवार्य खरीदी, नक़ली बीज ब खाद बेचने वालों पर कठोर कार्यवाहीए खाद पर्याप्त मात्रा में और समय पर उपलब्ध हो, भूमि अधिग्रहण क़ानून में बाज़ार मूल्य का चार गुना मुआवजा, लैंड पुलिंग एक्ट समाप्त किया जाए। बिजली विभाग द्वारा किसानों पर बनाए गए झूठे प्रकरण रद्द किए जाएं एवं जंगली जानवरों एवं आवारा मवेशियों द्वारा किसानों की फसल ख़राब होती है उन्हें मुआवजा राशि दी जाए। इस दौरान संतोष कुशवाह, मानस गुप्ता, अंकुर गुप्ता, अनुज यादव, धर्मेंद्र जादौन, लेखराज बघेल, शेर सिंह राजपूत, धारू सिंह मीणा सहित सैकड़ों किसान और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# रघुवंशी समाज का जिला स्तरीय परिचय सम्मेलन एवं कैरियर काउंसलिंग कार्यशाला 1 फरवरी को

## तैयारियों को लेकर हुई जिला स्तरीय बैठक, सौंपी जबावदेही

जागरण विदिशा

रघुवंशी समाज द्वारा 1 फरवरी को विदिशा के शहनाई गार्डन में आयोजित किए जा रहे जिला स्तरीय युवक-युवती परिचय सम्मेलन एवं करियर काउंसलिंग कार्यशाला को लेकर रविवार को रघुवंशी धर्मशाला में एक बैठक हुई। बैठक में बड़ी संख्या में जिले भर से आए समाज के वरिष्ठजनों, पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने आयोजन की रूपरेखा, व्यवस्थाओं और सफल संचालन को लेकर विस्तार से चर्चा की। बैठक में निर्णय लिया गया कि आयोजन को सुव्यवस्थित एवं सफल बनाने के लिए आठ प्रमुख समितियों का गठन किया गया है। इनमें स्वागत समिति, परिचय सम्मेलन समिति, महिला मंडल समिति, भोजन व्यवस्था समिति, मंच संचालन समिति, बाहर से आने वाले अतिथियों के लिए स्वागत समिति, करियर काउंसलिंग पंजीयन समिति तथा परिचय पंजीयन समिति शामिल हैं। सभी समितियों को अलग-अलग दायित्व सौंपते हुए जिम्मेदारी सुनिश्चित की गई है। सम्मेलन सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक आयोजित होगा।

मालूम हो कि विदिशा रघुवंशी समाज की जिला इकाई द्वारा आयोजित होने जा रहा यह परिचय सम्मेलन पहली बार जिले में आयोजित किया जा रहा है। रघुवंशी समाज के जिला अध्यक्ष मोहर सिंह रघुवंशी ने बताया कि सम्मेलन में जिले भर से 1000 स्वजातीय बंधुओं को शामिल होने के लिए आमंत्रित किया गया है। यह आयोजन समाज में संस्कार आधारित विवाह व्यवस्था और युवा सशक्तिकरण की दिशा में एक दूरदर्शी पहल है। समाज के युवाओं के उज्ज्वल भविष्य और आदर्श विवाह व्यवस्था को सशक्त करने की दिशा में रघुवंशी समाज विदिशा ने एक महत्वपूर्ण और ऐतिहासिक कदम उठाया है।




बैठक के दौरान जिला अध्यक्ष मोहर सिंह ने समाज जनों को जानकारी दी कि सम्मेलन में जिले के साथ-साथ प्रदेश के अन्य जिलों से बड़ी संख्या में समाजजनों की सहभागिता को देखते हुए आयोजन स्थल में परिवर्तन किया गया है। अब यह सम्मेलन रघुवंशी धर्मशाला में आयोजित ना होते हुए परिवर्तित स्थान शहनाई गार्डन में संपन्न होगा।

### नटेरन पुलिस ने किया जागरूकता कार्यक्रम

**जागरण नटेरन।** बढ़ते तनाव, नशाखोरी और सामाजिक असंतुलन के दौर में मानसिक शांति, सामाजिक समरसता एवं राष्ट्र निर्माण की भावना को मजबूत करने के उद्देश्य से नटेरन तहसील के ग्राम सेऊ में हार्टफुलनेस संस्था एवं पुलिस विभाग के संयुक्त तत्वावधान में एक व्यापक जनजागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पुलिस महानिरीक्षक आईजी रुचिवर्धन मिश्रा की उपस्थिति रही। कार्यक्रम का उद्देश्य आमजन को ध्यान, अध्यात्म, नशा मुक्ति, मानसिक स्थिरता, पर्यावरण संरक्षण एवं राष्ट्र निर्माण से जोड़ना रहा। इस अवसर पर ग्राम सेऊ से हार्टफुलनेस कार्यकर्ताओं, ग्रामीणों एवं पुलिस बल द्वारा एक अनुशासित पैदल रैली निकाली गई, जो शांति, एकता और जागरूकता का संदेश देते हुए नटेरन नगर तक पहुंची। रैली में समाज को सकारात्मक दिशा देने वाले संदेशों ने लोगों को गहराई से प्रभावित किया। रैली के उपरांत नटेरन थाना परिसर में विशेष ध्यान एवं आत्मिक शांति सत्र आयोजित किया गया।

### केपीएल सीजन 3, एसवाय 11 कागपुर ने 9 विकेट से जीता फाइनल मैच



जागरण कागपुर

केपीएल सीजन 3 का फाइनल मुकाबला ताबड़तोड़ रहा जिसमें। एसवाय 11 कागपुर व टीएस 11 कागपुर के बीच हुआ जिसमें एसवाय 11 कागपुर ने टॉस जीतकर पहले फील्डिंग करने का फैसला किया और सामने वाली टीम को 8 ओवर में 86 रनों पर ही रोक दिया। एसवाय 11 के गेंदबाजों ने शानदार प्रदर्शन किया।

एसवाय 11 कागपुर लक्ष्य का पीछा करने उतरे ओपनरों ने पहले विकेट के लिए धुआंधार 66 रन 5.3 ओवर में बनाएं 66 रन का पहला विकेट गिरने के बाद आए ऋतिक बघेल ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए पूरे टूर्नामेंट में ऋतिक बघेल ने शानदार बल्लेबाजी की। वह गेंदबाजी की 6 मैंचों में चार मैन ऑफद मैच लेकर वह पूरा टूर्नामेंट में सबसे सफल गेंदबाज व बल्लेबाज रहे और अपनी टीम को फाइनल जो विकेट से जिताया और अपने शानदार प्रदर्शन की वजह से मैन ऑफद सीरीज भी रहे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राम मोहन बघेल ने दोनों टीमों को ट्रॉफी वितरित की और और कमेटी को शानदार टूर्नामेंट का सफल आयोजन करने के लिए बधाई।

## गंजबासौदा

### श्रीकृष्ण और रुक्मणी के विवाह के उपलक्ष्य में निकली बारात

**जागरण गंजबासौदा।** भगवान कृष्ण और रुक्मणी के विवाह के उपलक्ष्य में रविवार दोपहर को एक भव्य बारात का आयोजन किया गया। यह आयोजन मुरली मनोहर मंदिर में चल रहे खिचड़ी उत्सव के तहत मौनी अमावस्या के दिन हुआ। पुजारी वल्लभ भार्गव ने बताया कि बारात चाचा वाली गली स्थित राम मंदिर से शुरू होकर गांधी चौक और सदर बाजार होते हुए मुरली मनोहर मंदिर तक पहुंची। इस दौरान मार्ग में ढोल-बाजे बजाए गए और महिलाएं गोपिका के रूप में नृत्य करती हुई चल रही थीं। बारात के स्वागत के लिए जगह-जगह पुष्प वर्षा की गई और लोगों ने उल्लास के साथ आयोजन का हिस्सा बने। मुरली मनोहर मंदिर पहुंचने पर भगवान कृष्ण और रुक्मणी का विवाह संस्कार संपन्न हुआ। इस अवसर पर उपस्थित श्रद्धालुओं ने भगवान के चरणों में श्रद्धा अर्पित की और आशीर्वाद प्राप्त किया। खिचड़ी उत्सव का समापन मंगलवार को अमावस की दूज के दिन होगा। और इस आयोजन ने श्रद्धालुओं को एकताए सांस्कृतिक धरोहर और धार्मिक उल्लास का अनुभव प्रदान किया।



## मधुकर बस्ती अरिहंत विहार एवं सरस्वती बस्ती व्यायामशाला में हुआ हिंदू सम्मेलन

# राष्ट्र की मजबूती के लिए हिन्दू राष्ट्र बनाने जिले में हो रहे हिन्दू सम्मेलन कार्यक्रम

जागरण विदिशा

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के 100 वर्ष पूर्ण होने के क्रम में जिले भर में हिंदू सम्मेलन आयोजित हो किए जा रहे हैं। इसी के तहत रविवार को मधुकर बस्ती अरिहंत विहार, सरस्वती बस्ती व्यामशाला एवं गुलाबगंज में भी हिंदू सम्मेलन आयोजित किए गए।

### हिंदू राष्ट्र की एकता के लिए सभी हों संगठित: वटुक

विदिश में मधुकर बस्ती अरिहंत बिहार का हिंदू सम्मेलन संपन्न हुआ। सम्मेलन में परम पूज्य निर्यापक मुनिश्री 108 से संभवसागर महाराज सासंघ तथा श्रीमद् भागवत गीता के कथावाचक अंकित कृष्ण बटुकजी महाराज उपस्थित थे। इस सम्मेलन में विभाग कार्यकारिणी समिति सदस्य राम कमल रघुवंशी भी उपस्थित थे। मंच पर विभिन्न समाजों के प्रमुख एसपी चतुर्वेदी, ओम प्रकाश जैन, राजकुमार सर्राफ, रघुवीर सिंह चौहान विशेष रूप से उपस्थित थे। सर्वप्रथम श्रीमद् भागवत कथा वाचक विदिशा के माटी के सपूत अंकित कृष्णा बटुक ने राष्ट्र की मजबूती के लिए हिंदू राष्ट्र की एकता के लिए सभी को संगठित होने पर बल दिया। इसके उपरांत परम पूज्य निर्यापक मुनिश्री 108 संवाद सागर महाराज ने सनातन धर्म और जैन धर्म की समानताओं के बारे में व्यापक रूप से बताया उन्होंने कहा कि मिशनरी स्कूल में शिक्षा देते हैं और भारतीय संस्कृति का सीखने की बात करते हैं। जब तक बच्चों की शिक्षा अपनी मातृभाषा में नहीं होगी तब तक भारतीय संस्कृति, परंपराओं का ज्ञान बच्चों को नहीं होगा। कार्यक्रम का संचालन तथा आभार हिंदू सम्मेलन के प्रभारी दीपक तिवारी ने किया।



### हम अपने परिवार, कुटुंब को एक करेंगे तब ही हम राष्ट्र को एक सूत्र में बांध सकेंगे : अंकित पाठक

**विदिशा।** वहीं सरस्वती वस्ती अंतर्गत व्यायाम शाला में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सौ वर्ष होने के उपलक्ष्य में हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया गया। सर्व प्रथम कार्तिक चौक बालाजी मंदिर से कलश यात्रा प्रारंभ हुई, जो पेड़ी चौराहा, किले अंदर बक्सरिया, चौपड़ा से होते हुए व्यायाम शाला पहुंची। कार्यक्रम में अतिथि संजय पुरोहित पुजारी महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष, विशेष अतिथि ज्योति जाधव एडवोकेट, मुख्य अतिथी अंकित पाठक पूर्व प्रचारक राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ रहे। हिन्दू सम्मेलन को संबोधित करते हुए अंकित पाठक ने कहा कि आज समाज को सिर्फ एक भाव जाग्रत करने की आवश्यकता है और वह भाव है हिंदू भाव इस भाव को विस्मृत करने के कारण ही हिंदू समाज अवनति को प्राप्त हुआ है। उन्होंने कहा कि हमे अपने परिवार के साथ भोजन एवं भजन एक साथ करने की आवश्यकता है एवं परिवार के बच्चों के साथ समय बिताने की आवश्यकता है। जब हम अपने परिवार को अपने कुटुंब को एक करेंगे तब ही हम राष्ट्र को एक सूत्र में बांध सकते हैं। कार्यक्रम में उपस्थित जिला कार्यवाह गुलाबसिंह कुशवाह, भीकमसिंह कुशवाह, आशीष सुमन, दीपक सेन, विशाल चतुर्वेदी, सिद्धार्थ खत्री, नरेन्द्र राय, अमन सेन आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



### गुलाबगंज में भी हुआ हिंदू सम्मेलन

**गुलाबगंज।** हिंदू सम्मेलन में महिलाओं एवं बहनों ने कार्यक्रम के शुरुआत में रेलवे स्टेशन मंदिर से कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा में लोगों ने गाजे बाजे के साथ नाचते हुए जय श्रीराम के नारे लगाए बही जगह जगह पुष्प वर्षा के साथ स्वागत हुआ बही ग्राम पंचायत गूलरखेड़ी के सरपंच प्रतिनिधि ओमप्रकाश घावरी द्वारा गुलाब की पंखड़ी की वर्षा की गई पूरा चौराह गुलाबमय हो गया। बाद में बटुक महाराज ने गौशाला में घायल गौ माता को आहार खिलाया। स्टेशन हनुमान मंदिर से कलश यात्रा राम मंदिर तक निकाली। इसके बाद मंच पर पर्यावरण संरक्षण के प्रति बच्चों की प्रस्तुतियां हुई। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में अंकित कृष्ण बटुक महाराज, गौ सेवक हरिओम दास महाराज, गौ सेवक लालू महाराज, चंद्रभान बघेल विश्व हिंदू परिषद विभाग सह मंत्री उपस्थित रहे।

